卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐जय बाबा की 卐卐श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 226 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦सोमवार ♦27 मई 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

# सुविधाजनक ढंग से संचालित हो रही चारधाम यात्रा : धामी

## ऋषिकेश ट्रांजिट कैंप पहुंचकर सीएम धामी ने चारधाम यात्रा की व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया





ऋषिकेश(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने आज ऋषिकेश पहुंचकर चारधाम यात्रा की व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक मूलभूत सुविधाओं समेत पेयजल, भोजन, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु बनाए गए विश्राम स्थल, स्वास्थ्य केन्द्र एवं यात्रा नियंत्रण कक्ष में सभी सुविधाओं का भी जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थित यात्रा हेतु आपसी सामंजस्य से कार्य करने के लिए निर्देशित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों से उत्तराखण्ड आने वाले श्रद्धालुओं की सुगम, सुरक्षित एवं सुविधाजनक चारधाम यात्रा हेतु हमारी सरकार धरातल पर कार्य कर रही है। ऋषिकेश में मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने चारधाम यात्रियों के लिए प्रशासन द्वारा की गई खाने-पीने की व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। चारधाम ( **शेष पेज सात पर** )

## चोरी की आठ बाईकों सहित तीन अंतरराज्यीय ऑटो लिफ्टर दबोचे



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैंप थाना पुलिस द्वारा गश्त के दौरान 3 शातिर अन्तर्राज्यीय वाहन चोरों को रुद्रपुर, ट्रांजिट कैम्प, बरेली उत्तरप्रदेश आदि थानों से चुराई कुल 08 मोटरसाईकिलो सहित गिरफ्तार क। र लिया। मामले का खुलासा करते हुए एसपी क्राइम चन्द्र शेखर घोटके ने बताया कि पकड़े गए सभी ऑटो लिफ्टर भीड़भाड़ वाले स्थानों में रैकी करने के बाद मोटरसाईकिल चोरी कर नंबर प्लेट हटाकर फरार हो जाते थे। उन्होंने बताया थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में मोटरसाईकिल चोरी की घटनाओं संबंध में वाहन चोरी के पूर्व में दो मुकदमा दर्ज किए गए थे। जिसके अनावरण के लिये प्रभारी निरीक्षक थाना ट्रांजिट कैंप के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया था। टीम द्वारा लगातार( **शेष पेज सात पर** )

## किसान से अभद्रता पर तहसील कर्मी के खिलाफ किसान यूनियन ने खोला मोर्चा



सितारगंज(उद संवाददाता)। बैंक बकाया भुगतान की वसूली में तैनात तहसील के एक सर्वे आमीन पर भारतीय किसान यूनियन ने किसान से अभद्र भाषा में बात करने का आरोप लगाया है। कर्मचारी पर किसान को सोशल मीडिया पर भी अभद्र भाषा में मेसेज भेजने का भी आरोप है। भारतीय किसान यूनियन चढूनी ने तहसीलदार के माध्यम से डीएम को शिकायती पत्र भेजा है। मामले में कार्रवाई नहीं करने पर यूनियन ने विरोध करने की चेतावनी दी है। भारतीय किसान यूनियन चढूनी के प्रदेश अध्यक्ष गुरसेवक सिंह महार ने किसान दिलबाग सिंह, हरबंस सिंह, गुरजीत सिंह, बलराज सिंह, सतनाम सिंह के साथ तहसीलदार के माध्यम से डीएम को शिकायती पत्र भेजा। जिसमें आरोप लगाया गया है कि किसान जगतार सिंह से बैंक बकाया वसूली के संबंध में तहसील कर्मचारी ने अभद्रता पूर्ण व्यवहार किया। आरोप है कि किसान के व्हाट्सएप पर ( **शेष पेज सात पर** )

## उजाड़े गए व्यापारियों ने की वेंडिंग जोन बनाने की मांग



किच्छा(उद संवाददाता)। 1 वर्ष पूर्व हल्द्वानी रोड से उजाड़ें गए व्यापारियों ने प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के नगर महामंत्री विजय अरोड़ा एवं सभासद राजकुमार कोली के नेतृत्व में पुनर्वासित करने की मांग को लेकर एक ज्ञापन तहसीलदार गिरीश कुमार त्रिपाठी के माध्यम से उप जिलाधिकारी को प्रेषित किया है । ज्ञापन में उजाड़ें गए व्यापारियों ने मांग की है कि राज्य में तमाम स्थानों पर अतिक्रमण के दौरान हटाए गए व्यापारियों को सरकार द्वारा पुनर्वासित करने के लिए वेंडिंग जोन बनाए जाने की व्यवस्था की जा रही है किंतु किच्छा के व्यापारियों के हित में कोई भी कार्य नहीं किया गया है । जबकि अतिक्रमण हटाने के दौरान शासन प्रशासन द्वारा व्यापारियों को पुनर्वासित करने का वादा किया गया था तथा तत समय उप जिला अधिकारी कोस्तुभ मिश्रा एवं अधिशासी अधिकारी गुरमीत सिंह नगर पालिका तथा तहसील प्रशासन द्वारा वेंडिंग जोन बनाए जाने की कार्यवाही शुरू की गई थी । किंतु अभी तक उक्त विषय में शासन प्रशासन द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है । जिस वजह से हल्द्वानी रोड से हटाए गए व्यापारी रोजी-रोटी के लिए अभी भी धूल फांक रहे हैं तथा बदहाली में जीवन यापन करने को मजबूर हो रहे हैं । ज्ञापन में कहा गया है कि उनके व्यवसाय खत्म होने के कारण ( **शेष पेज सात पर** )

## दारू पीने से मना किया तो युवक ने फांसी लगाकर दी जान

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। शराब पीने से टोकने पर एक युवक ने फांसी पर लटक कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। रतनपुर चकलुवा निवासी 21 वर्षीय अजय कुमार पुत्र रमेश चंद्र दारू पीनेका आदी है। रविवार की रात भी वह दारू पीकर घर पहुंचा तो परिजनों ने उसे टोक दिया। खाना खाने के बाद अजय कमरे में सोने चला गया। जिसके बाद उसने पंखे के कुंडे से लटकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने उसे फंदे पर लटका देखा तो उनमें कोहराम मच गया। आनन फानन में उसे नीचे उतार हल्द्वानी लाया गया जहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## केदार घाटी में 'मानकों को ठेंगा' दिखा रही 'हेली कंपनियां'

### निर्धारित ऊंचाई पर उड़ान नहीं भर रहे हेलीकॉप्टर, उड़ान संबंधी डाटा वन विभाग के साथ साझा नहीं कर रही कंपनियां, हेलीकॉप्टर की ऊंचाई मापने वाली एयर गन भी आउट आफ ऑर्डर

– अर्श –

रुद्रप्रयाग(उद ब्यूरो)। चार धाम यात्रा में हेली सेवाएं दे रहे एक हेलीकॉप्टर के विगत दिनों दुर्घटनाग्रस्त होने से बाल बाल बचने के बाद सरकार की ओर से यह अपेक्षित था, कि वह हेली कंपनियों के पेंच कसते हुए उनसे हेलीकॉप्टर की उड़ान के लिए निर्धारित मानकों का पालन करना सुनिश्चित करती तथा चार धाम यात्रियों को यह भरोसा दिलाने की कोशिश करती की उत्तराखंड तीर्थ यात्रियों की सुरक्षा एवं सुविधा से कोई समझौता नहीं करेगा। पर यूं जान पड़ता है जैसे सरकारी तंत्र की इस दिशा में कोई रुचि ही नहीं है और सरकार की ओर से हेली कंपनियां को मनमर्जी की खुली छूट दे दी गई है । यही वजह है कि केदारघाटी के अलग- अलग हेलिपैड से केदारनाथ के लिए उड़ान भर रहे हेलिकॉप्टर एनजीटी के नियमों का पालन बिल्कुल भी नहीं कर रहे हैं। देखने में आया है कि हेलिकॉप्टर के लिए तय ऊंचाई 600 मीटर पर कोई भी हेलिकॉप्टर उड़ान नहीं भर रहा है।साथ ही हेली कंपनियां अपने हेलिकॉप्टर की उड़ान के समय, कुल दूरी और ऊंचाई से जुड़ा कोई भी डेटा वन विभाग से साझा नहीं कर रही है।



इतना ही नहीं, केदारनाथ-बदरीनाथ के लिए संचालित चार्टर भी सेंचुरी एरिया से उड़ान भर भरने से बाज नहीं आ रहे हैं। उल्लेखनीय है कि सभी हेलिकॉप्टर मंदाकिनी नदी के तल से होकर नीची और मध्यम उड़ान भरते हुए केदारनाथ स्थित एमआई-26 हेलिपैड पर पहुंच रहे हैं जबकि केदारनाथ यात्रा में हेलिकॉप्टर उड़ान के लिए वर्ष 2015 में एनजीटी द्वारा नदी तल 600 मीटर की ऊंचाई के मानक निर्धारित किए गए हैं ,लेकिन जारी चार धाम यात्रा में एक भी हेली कंपनी इस नियम का पालन करती नहीं दिख पड़ रही है ।नदी तल से तय 600 मीटर की ऊंचाई का पालन नहीं होने से वन्य जीव तो प्रभावित हो ही रहे हैं, साथ ही संवेदनशील क्षेत्र में अन्य प्रकार के खतरे भी बढ़ रहे हैं। लापरवाही की हद तो यह कि अधिकांश हेली कंपनियां हेलिकॉप्टर की उड़ान से संबंधित किसी भी प्रकार का डेटा तक एकत्रित नहीं कर रही है। हाल ही में केदारनाथ वन्य जीव प्रभाग के डीएफओ ने केदारघाटी में आर्यन एविएशन, क्रिस्टल और हिमालयन एविएशन के हेलिपैड का निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने कंपनी प्रबंधन से यात्रा में अभी तक हेलिकॉप्टर की उड़ान सहित अन्य जरूरी डाटा साझा करने को कहा ,मगर कंपनी प्रबंधन ने इस प्रकार के किसी भी डाटा एकत्रित किया गया होने ( **शेष पेज सात पर** )

# कैलाश नदी में धड़ल्ले से हो रहा मिट्टी खनन,ग्रामीणों ने बताया बाढ़ का खतरा

## नदी में स्थाई पिचिंग की जगह मिट्टी खुदान करने का आरोप

सितारगंज(उद संवाददाता)। कैलाश नदी में हाईवे निर्माण के लिए मिट्टी खनन को किसानों ने फसल, खेतों के लिए बढ़ा खतरा जताते हुए विरोध कर दिया है। किसानों का आरोप है कि मिट्टी खनन से गांव का एक मार्ग क्षतिग्रस्त होने के साथ ही खेतों में बाढ़ आने का खतरा बढ़ गया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि जिम्मेदारों ने किसानों की फसल, आबादी को बचाने के लिए बाढ़ सुरक्षा के स्थाई प्रबंध नहीं किए हैं। सोमवार को ग्राम कौंधारतन के किसान एसडीएम कार्यालय पहुंचे। किसानों ने आरोप लगाया कि हाईवे निर्माण के लिए गांव के नजदीक बहने वाली कैलाश नदी से मिट्टी उठान की तैयारी की जा रही है। जबकि नदी से मिट्टी ढोने के लिए कोई मार्ग नहीं है। गांव का जो रास्ता है वह बेहद संकरा है। किसानों ने एसडीएम को बताया कि मिट्टी खनन से उनके खेतों को नुकसान होने की संभावना है। कैलाश नदी में हर वर्ष बाढ़ आने से उनके खेत नदी में समाकर बंजर हो रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि अगर मिट्टी खनन नदी में किया जाता है तो उनके खेतों को और अधिक खतरा पैदा हो जायेगा। फसल को नुकसान होगा। किसानों ने आरोप लगाया कि कैलाश नदी से कटाव रोकने के लिए नदी के भीतर किसी भी तरह की पिचिंग ठोकरे नहीं लगाई गई हैं। इसके अलावा नदी से मिट्टी खनन के कारण उनके गांव का रास्ता भी क्षतिग्रस्त होकर खराब हो जाएगा। किसानों ने एसडीएम से कैलाश नदी में मिट्टी खनन का कार्य रुकवाकर उनके खेतों, फसलों को सुरक्षित करने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में हरजिंदर सिंह खालसा, मलकीत सिंह, कुलदीप सिंह, दर्शन सिंह, जगविन्द्र सिंह, सुखविंदर सिंह, प्रीतम सिंह, आनंद सिंह, कश्मीर कौर, सुरजीत कौर, अंग्रेज सिंह आदि मौजूद थे।

# नानकमत्ता क्षेत्र में ग्रामीणों के विरोध के बाद रातभर चलते रहे मिटटी के डम्पर

## ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री हेल्पलाईन नंबर पर दर्ज कराई शिकायत

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। थाना क्षेत्र में ग्रामीणों के विरोध के बाबजूद खनन माफिया बैखोफ अवैध मिटटी के डम्पर चलाने से बाज नही आ रहें है। आक्रोशित खेमपुर ,डियोढ़ी के ग्रामीण सकते में आ गए। अवैध डम्पर के विरोध में ग्रामीण सड़को पर एकत्र हो गए। आधा दर्जन से अधिक संख्या में चल रहें डम्पर से पुलिस प्रशासन द्वारा शिकायत के बाद भी कोई कार्यवाही नही करने खनन करने वाले लोगों के होसले बुलंद है। रविवार रात ठेरा से मिटटी खनन करने की षिकायत



ग्रामीणों ने रात्रि में ही मुख्यमंत्री हेल्पलाईन नंबर पर शिकायत कर अवैध खनन की शिकायत की। इसके बावजूद भी प्रातः तड़के पर रूट बदलकर खनन करते रहें। थाना क्षेत्र के ग्राम ठेरा में रात्रि डम्परों से अवैध खनन किया जा रहा था, ग्रामीण क्षेत्रों में डम्पर की आवाजाही से ग्राम ग्रामीण क्षेत्रों की सड़के क्षतिग्रस्त होनें से ग्रामीणों में पूर्व से ही रोष पन रहा था। ग्रामीणों ने बताया कि ठेरा गांव से मिटटी का अवैध खनन जेसीबी की मददसे किया जा रहा था। इससे पूर्व ही ग्रामीण क्षेत्र में मिटटी का अवैध खनन का खेल पुरी रात चलता रहा लेकिन स्थानीय ग्रामीण मुख्यमंत्री हेल्पलाईन नंबर पर कर अवैध मिटटी खनन की शिकायत की। लेकिन इसके बावजूद खनन माफिया रातभर रूट बदलकर खनन करते रहें है। मिटटी खनन माफिया किसकी षरण में रातों रात डम्पर चलाकर सरकार को लाखों रूपये का राजस्व का चुना लगा रहें है।

# सिर्फ 393 ने दी समूह ग की परीक्षा

रुद्रपुर। लोक सेवा आयोग के समूह ग की प्रयोगशाला सहायक, विधि विज्ञान प्रयोगशाला की लिखित परीक्षा शहर के तीन केंद्रों पर हुई। इसमें कुल पंजीकृत 890 अभ्यर्थियों में से मात्र 393 ही उपस्थित रहे जबकि 497 अनुपस्थित रहे। इस दौरान केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। केंद्रों की 500 मीटर परिधि में धारा 144 लगाई गई थी। समूह ग की परीक्षा के लिए राजकीय बालिका इंटर कॉलेज फाजिलपुर महरौला, अटल उत्कृष्ट एएन झा राजकीय इंटर कॉलेज व आर्य कन्या इंटर कॉलेज काशीपुर बाईपास रोड को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। इसमें आर्य इंटर कॉलेज पर वनस्पति विज्ञान में 186 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। इसमें से 91 उपस्थित वहीं 95 अनुपस्थित रहे। इसी तरह भौतिक विज्ञान में कुल 285 में से 115 उपस्थित और 170 अनुपस्थित रहे। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में रसायन विज्ञान में कुल 171 में से 75 उपस्थित रहे तो 96 अनुपस्थित रहे। वहीं फोरेंसिक विज्ञान में कुल छह में से छह अभ्यर्थी उपस्थित रहे। एएन झा इंटर कॉलेज में जंतु विज्ञान की परीक्षा में कुल पंजीकृत 242 में से मात्र 106 ने परीक्षा दी, वहीं 136 अनुपस्थित रहे।

# मिर्गी का दौरा आने से गौला नदी में डूबा युवक

हल्द्वानी (उद संवाददाता) नैनीताल जिले के रानीबाग स्थित गौला नदी में नहाने गए एक युवक की मौत हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक मुखानी निवासी 31 वर्षीय संजय आर्य पुत्र चंदन लाल अपने दोस्तों के साथ रविवार को गौला नदी में नहाने के लिए गया था। शाम करीब 4:30 बजे नहाने के दौरान वो गहरे पानी में चला गया और डूबने से उसकी मौत हो गई। मृतक युवक संजय के साथ नहाने गए उसके दोस्त कुंदन सिंह ने पुलिस को बताया कि संजय को मिर्गी का दौरा आता था। नहाने के दौरान भी उसे मिर्गी का दौरा आ गया। इसी बीच लोगों ने उसे नदी से बाहर निकाला। आनन-फानन में उसे अस्पताल ले जाया गया। लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की खबर मिलने के बाद से परिजनों में कोहराम मच गया है। बताया जा रहा है कि मृतक चार भाइयों में सबसे बड़ा था। संजय पेंट करने का काम किया करता था। संजय की मौत की खबर के बाद से मां और भाइयों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# फर्जी ऑफलाईन रजिस्ट्रेशन मामले में किया पांच लोगों को गिरफ्तार

देहरादून। चारधाम यात्रा में यात्रियों के ऑफलाइन फर्जी रजिस्ट्रेशन मामले में विकासनगर कोतवाली पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में एक महिला भी शामिल है। रविवार को आरोपियों को पुलिस ने कोर्ट में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया। कोतवाली पुलिस ने बीते शुक्रवार को हरबर्टपुर बस स्टैंड पर ऑनलाइन चेकिंग के दौरान टूरिस्ट केयर उत्तराखंड एप के जरिए चार ट्रेवल्स एजेंसियों के संचालकों व एजेंटों के फर्जीवाड़े को पकडा था। इसमें विभिन्न प्रदेशों से आने वाले यात्रियों से हजारों रुपये हड़पकर उन्हें फर्जी रजिस्ट्रेशन थमा दिए थे। पुलिस ने इस मामले में हरिद्वार की चार ट्रेवल्स एजेंसी संचालकों व एजेंटों के खिलाफ फर्जी दस्तावेज तैयार कर यात्रियों से हजारों रुपये हड़पने व फर्जी रजिस्ट्रेशन थमाने को लेकर विभिन्न आपराधिक धाराओं में चार अलग अलग मुकदमें दर्ज किए थे। पुलिस ने आरोपियों की धरपकड़ के लिए एसओजी ग्रामीण के साथ मिलकर टीमें गठित कर आरोपियों के हरिद्वार स्थित ठिकानों पर छापेमारी की। पुलिस ने एक महिला समेत पांच आरोपियों को दर्ज किए गए अलग-अलग मुकदमों में गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में ऋषभ गुलाटी निवासी भैरों मंदिर कॉलोनी कनखल हरिद्वार, आशुतोष निवासी कनखल हरिद्वार, भुपेश शर्मा निवासी भारतमाता पुरम भूपतवाला हरिद्वार, नीरज कुमार निवासी मुख्य गली भूपतवाला हरिद्वार व महक मदान पत्नी करण निवासी सरवननाथ नगर कोतवाली हरिद्वार को गिरफ्तार किया है। आरोपी महिला के कब्जे से पुलिस ने एक लैपटॉप, मोबाइल फोन बरामद किया है। शहर कोतवाल राजेश साह ने बताया कि आरोपियों को कोर्ट में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है।

# अपर मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

रूद्रप्रयाग। जनपद भ्रमण पर पहुंचे अपर मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने केदारनाथ धाम में दर्शन करने पहुंच रहे तीर्थ यात्रियों के लिए जिला प्रशासन, पुलिस विभाग सहित विभिन्न विभागों की ओर से की जा रही सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उनके जनपद आगमन पर जिलाधिकारी सौरभ



गहरवार एवं पुलिस अधीक्षक विशाखा अशोक भदाणे ने स्वागत कर यात्रा व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में दी गयी जानकारी। सांयकाल के समय श्री केदारनाथ मंदिर दर्शन हेतु पहुंचे हुए श्रद्धालुओं को पंक्तिबद्ध कराकर दर्शन कराये जा रहे हैं। सभी श्रद्धालुओं के द्वारा पुलिस को अपेक्षित सहयोग दिया जा रहा है।

# बर्फ के बीच बने आस्था पथ से हेमकुंड पहुंच रहे श्रद्धालु

चमोली। हेमकुंड साहिब के कपाट शनिवार को विधिविधान के साथ श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए हैं। श्रद्धालु बर्फ के बीच बने आस्था पथ से चलकर हेमकुंड साहिब गुरुद्वारे में मत्था टेकने पहुंच रहे हैं। पहले दिन 3200 श्रद्धालु पहुंचे थे। वहीं, चारधामों के साथ ही हेमकुंड साहिब में भी रील्स व वीडियोग्राफी पर प्रतिबंध रहेगा। हेमकुंड साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्रजीत सिंह बिंद्रा ने कहा, गुरुद्वारे के इर्द-गिर्द किसी भी प्रकार की रील्स व वीडियोग्राफी नहीं की जाएगी।



कहा, अभी हेमकुंड साहिब और आस्था पथ पर काफी बर्फ है, लिहाजा बुजुर्ग, छोटे बच्चे व बीमार व्यक्ति कुछ समय के लिए यात्रा से परहेज करें। मौसम अनुकूल होने पर ही यात्रा पर आएं। कहा, जो श्रद्धालु हेमकुंड साहिब आने में असमर्थ हैं, उनके लिए टीवी चौनल पीटीसी सिमरन पर सीधा प्रसारण किया जाएगा। वहीं, हेमकुंड साहिब के आस्था पथ पर पिछले एक माह से बर्फ हटाने में जुटे सेना की 418-स्वतंत्र इंजीनियरिंग कोर के सैन्य अफसरों और जवानों को हेमकुंड साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट की ओर से शॉल और कृपाण भेंट कर सम्मानित किया गया। यात्रा मार्ग घांघरिया से दो किमी आगे अटलाकोटी ग्लेशियर प्वाइंट से हेमकुंड साहिब (चार किमी) तक बर्फ से ढका हुआ था। 23 अप्रैल से हेमकुंड साहिब मार्ग से बर्फ हटाने का काम शुरू हुआ। सेना के 35 जवानों और सेवादारों द्वारा एक माह के भीतर आस्था पथ से बर्फ हटा ली गई। कपाट खुलने के बाद हेमकुंड साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्रजीत सिंह बिंद्रा ने कर्नल विरेंद्र औला, ब्रिगेडियर एमएस ढिल्लो सहित जवानों को शॉल व कृपाण भेंट कर सम्मानित किया।

# डीएम ने जानकीचट्टी में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट और घोड़ा पड़ावों का किया निरीक्षण

उत्तरकाशी। जिलाधिकारी उत्तरकाशी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने आज यमुनोत्री क्षेत्र की यात्रा व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को तीर्थयात्रियों की सुरक्षा व सुविधा का ध्यान रखते हुए यात्रा के सुव्यवस्थित संचालन हेतु निरंतर मुस्तैद रहकर काम करने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने आज रानाचट्टी, हनुमानचट्टी एवं जानकीचट्टी क्षेत्र में यात्रा व्यवस्थाओं की मौके पर जाकर पड़ताल की। हनुमानचट्टी में जिलाधिकारी ने जिला पंचायत एवं जल संस्थान के अधिकारियों की बैठक लेकर यात्रा से जुड़े इंतजामों को चाक-चौबंद बनाए रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जानकीचट्टी में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट का निरीक्षण कर आस-पास के क्षेत्रों से नियमित रूप से प्लांट पर कूड़ा लाकर निस्तारित करने और इस प्लांट को





पूरी क्षमता के साथ संचालन करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने घोड़ा-खच्चर जांच केन्द्र का मुआयना करते हुए कहा कि किसी भी दशा में बीमार व चोटिल घोड़े-खच्चरों को यात्रा के लिए प्रयोग न करें। उन्होंने यमुनोत्री में घोड़ा पड़ाव को अधिक व्यवस्थित किए जाने की भी हिदायत दी।जिलाधिकारी ने कहा कि जानकीचट्टी से लेकर यमुनोत्री धाम तक समूचे पैदल मार्ग पर सूचनाओं के प्रसारण के लिए ध्वनि प्रसारण की केन्द्रीयकृत व्यवस्था होना जरूरी है। इसके लिए जिला पंचायत को तुरंत व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं।

# फाटा में हुक्काबाजी कर रहे हरियाणा के तीन युवकों को सिखाया सबक

रूद्रप्रयाग। केदारनाथ धाम के पड़ाव फाटा में पुलिस ने सड़क किनारे हुक्काबाजी कर रहे हरियाणा के तीन युवकों को पकड़ लिया। पुलिस ने युवकों को आचरण की याद दिलाते हुए माफी मंगवाई। इसके साथ ही चालान किया और दोबारा ऐसा न करने की सख्त हिदायत देते हुए छोड़ दिया। रुद्रप्रयाग पुलिस केदारनाथ धाम यात्रा की अवधि में ऑपरेशन मर्यादा चला रही है। न केवल केदारनाथ धाम बल्कि वहां



तक पहुंचने के सड़क या पैदल मार्ग पर भी पुलिस की कड़ी नजर है। फाटा चौकी क्षेत्र में गश्त के दौरान पुलिस ने रविवार सुबह तीन युवक जो सड़क किनारे बेफिक्र होकर हुक्के का सेवन कर रहे थे उन्हें पकड़ा। चौकी प्रभारी फाटा दिनेश सिंह सती के नेतृत्व में पुलिस ने उनका हुक्का जब्त किया और आग उन्हीं से बुझवाई। इस दौरान युवकों ने दोबारा ऐसा न करने की बात पर भी हामी भरी। ऑपरेशन मर्यादा के तहत केदारनाथ धाम परिसर के 50 मीटर की परिधि में सोशल मीडिया रील्स व वीडियोग्राफी करने वाले कुल 100 व्यक्तियों का चालान कर 25,500 रुपये का जुर्माना व धाम क्षेत्र में नशे का सेवन करने व हुड़दंग मचाने वाले कुल 66 व्यक्तियों का चालान कर 8,900 रुपये का जुर्माना वसूला गया है।

# घर लौट रहे दोस्तों पर जानलेवा हमला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विगत रात्रि ट्रांजिट कैम्प में सिडकुल ढाल से फास्ट फूड खाकर घर लौट रहे दो दोस्तों पर मार्ग में कुछ लोगों ने धारदार हथियारों से जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिन्हें उपचार के लिए चिकित्सालय ले जाया गया। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में सूरज अधिकारी पुत्र प्रदीप अधिकारी निवासी ट्रांजिट कैम्प ने कहा है कि 24 मई की रात्रि लगभग 8से 9बजे के मध्य वह अपने मित्र शिवा के साथ सिडकुल ढाल के पास फास्टफूड खाकर अपने घर आ रहा था। तभी सिडकुल ढाल की ओर से कुछ युवक शोर मचाते हुए एवं गाली-गलौच करते हुए ट्रांजिट कैम्प की ओर आ रहे थे। ये युवक शराब पीये हुए लग रहे थे। थोड़ी देर बाद ये लोग अपने साथ और युवको को साथ लेकर आये।सभी लोग अपने हाथों में डण्डे एवं धारदार हथियार लिये हुये थे। आरोप है इन सभी लोगों ने उसे व उसके मित्र को घेर कर जान से मारने की नीयत से अचानक हमला कर दिया। दोनों को खुली एवं गुम चोटे आयी हैं। हमलावर अधमरी हालत में लहुलूहान हालत में घटना स्थल पर छोड़कर वहां से भाग गये। सूरज का कहना है कुछ लोगों ने उसे उसके घर पहुंचाया। परिजन उपचार के लिए तत्काल सरकारी हॉस्पिटल ले गये परन्तु उसकी स्थिति अत्यधिक खराब होने के कारण चिकित्सकों ने रेफर कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# घर से लापता किशोर दिल्ली से बरामद

दिनेशपुर(उद संवाददाता)। घर से लापता किशोर को परिजन दिल्ली से बरामद करके घर ले आई है। किशोर के सकुशल बरामदगी पर परिजनों के साथ पुलिस ने राहत की सांस ली है। सुंदरपुर निवासी पंचानन विश्वास का पुत्र रोहित विश्वास 11वी कक्षा का छात्र है। 22 मई को वो घर से अचानक लापता हो गया था। परिजनों ने खोजबीन के बाद उसकी गुमशुदगी थाने में दर्ज कराई थी। पिता ने बताया कि रोहित ने ही घर फोन करके बताया था कि वह दिल्ली के इन्दिरा गांधी हवाई अड्डा क्षेत्र में पहुंच गया है और एक व्यक्ति के घर में है।जिस पर परिजन उसे बताए गए पते से शनिवार की रात बरामद करके घर ले आई। परिजन उससे जानकारी जुटे रहे है।

# यातायात महिला पुलिस कर्मी को मारी टक्कर



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत दिवस इन्द्रा चौक पर ड्यूटी कर रही यातायात महिला पुलिस कर्मी को हाइड्रा वाहन चालक ने टक्कर मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद वाहन चालक वाहन मौके पर ही छोड़ फरार हो गया। घायल महिला पुलिस कर्मी को उपचार के लिए चिकित्सालय ले जाया गया। जानकारी के अनुसार गत दिवस इन्द्रा चौक पर यातायात महिला पुलिस कर्मी कांता अग्रवाल यातायात व्यवस्थित कर रही थी। इसी दौरान काशीपुर से किच्छा की ओर जा रहे हाइड्रा वाहन के अज्ञात चालक ने उन्हें टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद शोर होने पर वाहन चालक मौका देख वाहन छोड़ फरार हो गया। घायल महिला पुलिस कर्मी को उपचार के लिए तत्काल चिकित्सालय ले जाया गया। जहां उसका उपचार चल रहा है। बताया जाता है कि यातायात महिला पुलिस कर्मी कांता अग्रवाल अब खतरे से बाहर है। पुलिस ने वाहन अपने कब्जे में ले लिया है। बताया जाता है कि पुलिस वाहन स्वामी से पूछताछ कर रही है।






# उत्तराखंड में गर्मी ने तोड़ा 20 साल का रिकॉर्ड, तापमान 42 डिग्री पार

हल्द्वानी। हल्द्वानी शहर में पड़ रही गर्मी ने लोगों का हाल बेहाल कर दिया है। दिन भर उमस भरी गर्मी के कारण लोग बेहाल रहे। रविवार को नौतपा काल (ज्येष्ठ नक्षत्र में सबसे गर्म नौ दिन) में हल्द्वानी का तापमान 42.2 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार करीब 20 साल पहले मई में 41.8 डिग्री तापमान सर्वाधिक रहा है। पंतनगर कृषि विवि के मौसम जानकार डॉ. आरके सिंह ने बताया कि मई माह में इतना तापमान कभी नहीं रहा। तकरीबन 20 साल पहले मई में 41.8 डिग्री सर्वाधिक रहा था। बताया कि सबसे ज्यादा गर्मी जेठ माह में नौतपा के समय ही रहती है। अन्य महीनों में तापमान इतना ज्यादा नहीं पहुंचता है। नौतपा काल 25 मई से शुरू हो चुका है और दो जून तक प्रभावी रहेगा। इस दौरान सूर्य पृथ्वी के सबसे नजदीक पहुंच जाता है, जिससे धरती का तापमान बढ़ने लगता है। हालांकि पर्वतीय जिलों में हल्की बारिश रहेगी, लेकिन मैदानी इलाकों में तपिश बनी रहेगी। इधर मौसम विभाग देहरादून ने पर्वतीय जिलों में अगले पांच दिन हल्की बारिश और तेज हवाओं को लेकर यलो अलर्ट जारी किया है। भीषण गर्मी के चलते सड़कों पर आवाजाही कम रही। लोग मुंह और सिर पर कपड़ा डालकर घरों से बाहर निकले।








# ग्रामीणों ने कोतवाली में काटा हंगामा

## कोसी नदी में पर्यटकों के नहाने जाने की सूचना देने गर्जिया चौकी पहुंचे युवक को सिपाही ने पीटा, एसएसपी ने किया लाईन हाजिर

नैनीताल। कोसी नदी में पर्यटकों के नहाने जाने की सूचना देने गर्जिया चौकी पहुंचे युवक को पुलिस चौकी पर तैनात सिपाही ने पीट दिया। सिपाही द्वारा पिटे जाने पर ग्रामीण भड़क गए और चौकी का घेराव कर दिया। बाद में रात करीब आठ बजे ग्रामीण रामनगर कोतवाली पहुंचे और हंगामा कर सिपाही के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने लगे। इस पर पुलिस अधिकारियों ने सिपाही का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद उसे लाइन हाजिर कर दिया। सुंदरखाल निवासी 17 वर्षीय गणेश आर्य पुत्र भोपाल राम गांव में ही चाय की दुकान चलाता है। युवक ने बताया कि हाल ही में कोसी नदी में डूबने से लखनऊ के पर्यटक की मौत हुई थी। ऐसे में पुलिस कर्मियों ने उसकी दुकान पर कोसी नदी में नहाने जाने वालों की सूचना देने को कहा था। उसकी दुकान के बगल से कोसी नदी में जाने का रास्ता है। रविवार दोपहर करीब तीन बजे कुछ पर्यटक कोसी नदी में नहाने जा रहे थे। पहले तो उसने ही जाने से रोका, लेकिन वह नहीं माने। इसके बाद वह गर्जिया चौकी पर पहुंचा और वहां मौजूद सिपाही विक्रम सिंह को मामले की जानकारी दी। आरोप है कि विक्रम सिंह नशे की हालत में था और वह उसके साथ गाली-गलौज करने लगा। जब उसने विरोध किया तो सिपाही ने सैंडिल उसकी गर्दन पर मार दिया। इसके बाद युवक अपने घर पहुंचा और परिजनों को घटना की जानकारी दी। घटना की जानकारी होने के बाद सैकड़ों ग्रामीण एकत्र होकर गर्जिया चौकी पहुंचे और हंगामा करने लगे। हंगामे की सूचना पर चौकी इंचार्ज तारा सिंह राणा सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने सिपाही का मेडिकल परीक्षण कराने और निलंबन करने की मांग की। ग्रामीणों का आरोप था कि इससे पहले भी सिपाही ग्रामीणों के साथ अभद्र व्यवहार करता रहा है। इस पर सिपाही को मेडिकल परीक्षण कराने के लिए रामनगर अस्पताल भेजा। रविवार रात करीब आठ बजे सैकड़ों ग्रामीण रामनगर कोतवाली पहुंचे। कोतवाली में एसएसआई प्रथम मोहम्मद युनूस को घटना की जानकारी दी और सिपाही को निलंबित करने की मांग करने लगे। इस दौरान पूर्व ब्लॉक प्रमुख संजय नेगी, भाजपा नेत्री भावना भट्ट, आशा बिष्ट, शिखर भट्ट, ललित कड़ाकोटी आदि भी कोतवाली पहुंच गए और आरोपी सिपाही के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। सीओ रामनगर भूपेंद्र सिंह भंडारी ने बताया कि सिपाही का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। एसएसपी को मामले की जानकारी दी, जिसके बाद एसएसपी ने सिपाही को लाइन हाजिर कर दिया।

# जैन ग्लोबल स्कूल में टीचर्स ग्लोबल कप का शुभारंभ



रूद्रपुर(उद संवाददाता)। रुद्रपुर के जैन ग्लोबल स्कूल के क्रिकेट मैदान पर फिट इंडिया टीचर एसोसिएशन की ओर से नेशनल क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ उत्तराखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष गुलाब सिंह सिरोही द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर अपने संबोधन में श्री सिरोही ने कहा कि इस तरह के टूर्नामेंट से शिक्षकों में खेल के प्रति जागरूकता और शारीरिक स्वास्थ्य का लाभ मिलता है। ऐसे आयोजनों से शिक्षकों को अपना स्वस्थ्य तंदुरूस्त करने की भी प्रेरणा मिलती है। टूनामेन्ट का उद्घाटन मैच जालौन और संभल के मध्य खेला गया। जालौन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सभी विकेट खोकर 130 रन बनाएं जिसमें श्रीकांत वर्मा ने 53 अमन गुप्ता ने 20 रनों का योगदान दिया। संभल की तरफ से मनीष ने तीन और अनिल कपूर ने चार विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी संभल की टीम ने पांच विकेट पर 131 रनों का लक्ष्य प्राप्त कर लिया । संभल की तरफ से खुशहाल सिंह ने 47,अनिल कपूर ने 26 रनों का योगदान दिया। जालौन की तरफ से विनीत और मजहर खान ने 2-2 विकेट लिए। आज का मैन ऑफ द मैच संभल के अनिल कपूर रहे। इस अवसर पर फिट इंडिया टीचर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष कालीचरण पटेल, प्रदेश सचिव अनवर हुसैन, उत्तराखंड के टूर्नामेंट प्रभारी नूर आलम,आकाश पुष्पराज सहित तमाम दर्शक मौजूद थे।






# लकड़ी तस्करों और वन विभाग की टीम के बीच मुठभेड़,तीन गिरफ्तार



पंतनगर(उद संवाददाता)। तराई केंद्रीय वन प्रभाग की टांडा रेंज में रविवार सुबह लकड़ी तस्करों और वन विभाग की टीम में मुठभेड़ हो गई। जवाबी फायरिंग में एक वन तस्कर को गोली लगी है, जिसे गंभीर हालत में सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जवाबी फायरिंग में तस्करों ने वन विभाग के ऊपर भी फायरिंग की, जिसमें वनकर्मी बाल-बाल बच गए। वन विभाग की टीम ने मौके पर तीन तस्करों को भी गिरफ्तार किया है। साथ ही वन विभाग ने वन तस्करों के कब्जे से एक पिकअप वाहन से भारी मात्रा में बेशकीमती लकड़ी बरामद की है। वन विभाग के जवाबी कार्रवाई में लखविंदर सिंह लक्कू नाम के तस्कर को गोलियां लगी है। मौके पर वन विभाग की टीम ने मौके पर एक 315 बोर का अवैध तमंचा भी बरामद किया है। फिलहाल वन विभाग ने सभी तस्करों के खिलाफ लालकुआं कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। टांडा रेंज के वन क्षेत्राधिकारी रूपनारायण गौतम ने बताया कि घटना आज सुबह की है जब वन विभाग को सूचना मिली कि लालकुआं के पास कुछ वन तस्कर लकड़ी काटकर एक वाहन को ले जा रहे हैं। इसके बाद वन विभाग और एसओजी की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर तस्करों को रोकने की कोशिश की। इस दौरान वन तस्करों ने वन विभाग की टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। जिस पर वन विभाग की जवाबी फायरिंग में कुख्यात वन तस्कर लखविंदर सिंह लक्कू निवासी बरहैनी बाजपुर उधम सिंह नगर के पैर में गोली लगी है, जिसको गंभीर हालत में सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती कर गया है। इसके अलावा घटना में शामिल दो अन्य तस्करों को भी वन विभाग ने मौके पर गिरफ्तार किया है। वन विभाग की इस कार्रवाई में आरोपियों के पास से पिकअप वाहन में भारी मात्रा में बेश कीमती सागौन की लकड़ी और एक बाइक बरामद के साथ ही मौके पर एक 315 बोर का तमंचा भी बरामद किया गया है। वहीं, वन क्षेत्राधिकारी रूपनारायण गौतम ने बताया कि घायल लखविंदर सिंह कुख्यात लकड़ी तस्कर है। 2019 में लखविंदर सिंह ने वनकर्मी को गोली मार हत्या कर दी थी, जिस मामले में वह जेल में बंद था और इन दिनों जेल से छूट कर आया हुआ है। उन्होंने बताया की वन तस्करों की फायरिंग में वन विभाग के कर्मचारी बाल बाल बच है पूरे मामले में तस्करों के खिलाफ लालकुआं कोतवाली में मामला दर्ज कराया गया है। इधर पुलिस क्षेत्राधिकारी संगीता ने बताया कि वन विभाग द्वारा मिली तहरीर पर मामला दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# प्रतिभा सम्मान समारोह में सम्मानित हुए बोर्ड परीक्षा के होनहार







## विधायक शिव अरोरा ने 62 स्कूलों के 350 से अधिक हाईस्कूल और इंटर के छात्र छात्राओं को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित



रुद्रपुर(उद संवाददाता)। रुद्रपुर मे वर्ष 2023-24 में सीबीएसई बोर्ड एवं उत्तराखंड बोर्ड मे उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन करने वाले मेधावी छात्र छात्राओं के सम्मान मे आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम का रुद्रा होटल मे आयोजन हुआ। रुद्रपुर क्षेत्र मे अनूठी पहल की शुरुआत करते हुए क्षेत्रीय विधायक व कार्यक्रम सयोजक शिव अरोरा ने की है। मुख्य अतीथि शिव अरोरा, विशिष्ट अतिथि डॉ शिवेंद्र कश्यप व अन्य गणमान्य अतिथि द्वारा दीप प्रजलित कर कार्यक्रम का शुभारभ किया। वही कार्यक्रम मे दसवीं व बारवी के छात्र छात्राओं मे जो शीर्ष पर रहे उसमे सीबीएसई बोर्ड से दसवीं कक्षा मे गरिमा जोशी एमनिटी पब्लिक स्कूल से दूसरे पर ऋषभ सिंह एमनिटी स्कूल तीसरे स्थान पर सृष्टि कपूर जैसिस पब्लिक स्कूल तो वही बारवी कक्षा मे प्रथम स्थान पर अनुष्का प्रीतम एमनिटी पब्लिक स्कूल, दूसरे स्थान पर भूमिका जैसिस पब्लिक से तीसरे स्थान पर इशरम कालरा, भारतीयम स्कूल को स्मृति चिन्ह व अंग वस्त्र भेट कर विधायक शिव अरोरा द्वारा सम्मानित किया गया। वही उत्तराखंड बोर्ड मे दसवीं मे रुद्रपुर क्षेत्र मे प्रथम स्थान नेहा शर्मा, गुरुनानक बालिका इंटर कॉलेज दूसरे पर करन दास जन्मभूमि स्कूल तीसरे स्थान पर अमित कुमार जनता इंटर कॉलेज, इसके साथ बारवी कक्षा मे प्रथम स्थान साक्षी संतान इंटर कॉलेज दूसरे पर सुमन जीत कोर गुरुनानक इंटर कॉलेज को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिये विधायक शिव अरोरा व डॉ शिवेंद्र कश्यप ने सम्मानित किया। कार्यक्रम मे विशिष्ट अतिथि पंतनगर यूनिवर्सिटी के जाने माने रिसर्चर अनेको किताबों को लिखने वाले कई शोध करने वाले अनेको पुरस्कार से सम्मानित डॉ शिवेंद्र कश्यप ने अपने सम्बोधन मे कहा की निश्चित रूप से यह प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम एक विशेष पहल है जिसमे इतनी बड़ी संख्या मे बच्चों को सम्मानित करना अपने आप मे एक नई शुरुआत है जो बच्चों के हौसला अफजाई मे मिल का पत्थर साबित होंगी उन्होंने इस कार्यक्रम के लिए रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा को शुभकामनायें दी जिन्होंने एक सुंदर भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया, डॉ शिवेंद्र बोले बच्चे हमारे भविष्य की नीव है ओर नीव जितनी मजबूत होंगी उतनी जड़े हमारे देश की मजबूत होंगी, उन्होंने कहा बोर्ड परीक्षा हमारे भविष्य को निखरने व हमको किस क्षेत्र मे आगे बढ़ना है उसका मार्ग दिखाती है, इसलिए हर बच्चों को अपने बेहतर कल के लिए निर्णय लेने का अधिकार है ओर उन्होंने सभी बच्चों को उनके उज्वल भविष्य हेतु शुभकामनायें दी। वही कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक शिव अरोरा ने कहा की निश्चित रूप से वर्ष 2023-24 मे जिन छात्र छात्राओं ने दसवीं व बारवी बोर्ड परीक्षा मे अपने स्कूल मे टॉप तीन मे रहे उनको हमने चिन्हित करने का कार्य किया ओर ऐसे रुद्रपुर विधानसभा के 62 स्कूलों के 350 से अधिक छात्र छात्राओं को सम्मानित करने का कार्य किया है जिसमे बस्ती से लेकर गांव दूर दराज क्षेत्र के हर वह बच्चे जिसने अपनी मेहनत कौशल से बेहतरीन प्रदर्शन किया ऐसे बच्चे के उत्साहवर्धन के लिए हमने उनको सम्मानित किया है जिसमे बच्चों के साथ सम्मानित होते समय उनके माता पिता व स्कूल प्रबंधक टीचर भी मंच पर मौजूद रहे। विधायक शिव अरोरा ने कहा एक बच्चे के लिए यह गौरव का क्षण होता है जब उसको इस प्रकार किसी मंच पर सम्मानित किया जाता है ओर यह बच्चे हमारे देश का भविष्य है ओर इनमे से कोई प्रशासनिक सेवा मे कोई इंजिनियर कोई डॉक्टर के रूप मे सेवा देगा, निश्चित रूप से यह सम्मान उन बच्चों के लिए सीखने का अवसर है जिनको बोर्ड परीक्षा मे जाना है ओर वह बेहतर प्रदर्शन करते हुए अपने स्कूल अपने क्षेत्र व राज्य का नाम रोशन करने के संकल्प के साथ पूरी मेहनत के साथ अपनी पढ़ाई करे। विधायक ने कहा यह प्रतिभा सम्मान समारोह बच्चों की प्रतिभा को ओर निखरने व उनको उज्वल भविष्य के लिए निर्णय लेने के लिए बेहतर माध्यम है उसको ऊर्जा देने वाला है, विधायक ने कहा की उन्होंने रुद्रपुर क्षेत्र मे मेडिकल कॉलेज के निर्माण कार्य मे तेजी आये इसको लेकर प्रयास किया है जिससे हमारे बच्चों इसका लाभ ले सके साथ हीं एक खेल मैदान, अत्यधिक सुविधा वाले पार्क जैसे अनेको कार्यों को हमने आगे बड़ाने का कार्य किया है जिसके परिणाम जल्द धरातल पर नजर आयेगे, विधायक बोले हम आने वाली पीढ़ी के लिए एक बेहतर रुद्रपुर का निर्माण करने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे है, हमारा प्रयास है जनता के अनुरूप हम हर क्षेत्र मे कार्य करे इसकी दिशा मे हम एक नया सरकारी इंटर कॉलेज ओर केंद्रीय विद्यालय का निर्माण कार्य को आने वाले समय मे करायेगे ऐसा अश्वस्त करते है उन्होंने सम्मानित होने वाले बच्चों व जो इस सम्मान से पाने से रह गये है दोनों के उज्वल भविष्य हेतु शुभकामनायें दी आप आग जाकर शिक्षा के जगत मे रुद्रपुर का नाम रोशन करे ओर उन्होंने कार्यक्रम मे बड़ी संख्या मे पहुचे बच्चों के माता पिता स्कूल प्रबंधक के लोगो का आभार जाता साथ हीं कार्यक्रम की अपार सफलता हेतु सभी का धन्यवाद प्रकट किया। वही कार्यक्रम मे शिव तांडव ओर अन्य धार्मिक व सांस्कृतिक प्रस्तुति की जो काफी आकर्षण का केंद्र रही तो वही बच्चों को प्रतिभा सम्मान समारोह मे सेल्फी पॉइंट काफी भाया जिसपर जाकर बच्चों ने अपने परिवार संग फोटो खिचवाये, कार्यक्रम काफी व्यवस्थित ओर आकर्षक नजर आया। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से पवन अग्रवाल, गुरमीत सिंह, सुभाष अरोरा, सतीश अरोरा, डॉ सीमा अरोरा, राजकुमार चौधरी, जसविंदर सिंह खरबंदा, संतोष पाल, वेद ठुकराल, सोनू अग्रवाल,मानस जयसवाल, योगेश वर्मा,धीरेंद्र मिश्रा, विनय बत्रा,प्रीत ग्रोवर, तरुण दत्ता,रश्मि रस्तोगी फरजाना बेगम, श्वेता मिश्रा, संदीप राव, राजेश जग्गा, नितेश गुप्ता लवी धवन,मनोज मदान, अनमोल विर्क,मयंक कक्कड़,बिट्टू चौहान, संदीप बाजवा, डम्पी चोपड़ा, वासु गुंबर, शौर्य अरोड़ा सोनू वर्मा, उमेश पसरिचा, मनोज मित्तल, विक्की घई, प्रमोद मित्तल, रोहित गुप्ता, अनुभव बठला, साहिल, अर्पित गूगलनी आदि लोग मौजूद रहे।

## सरकारी जमीन में बनाया बरातघर सील किया

हल्द्वानी। जिला विकास प्राधिकरण ने दमुवाढूंगा में बिना परमिशन सरकारी जमीन में बन रहे बारात घर को सील कर दिया। उधर कॉलटैक्स रोड पर पार्किंग के स्थान में बनाई गई पांच दुकानों को भी सील किया गया है।रविवार को जिला विकास प्राधिकरण के संयुक्त सचिव एपी वाजपेयी को शिकायत मिली कि दमुवाढूंगा में सरकारी जमीन में बिना परमिशन के एक बरातघर बनाया जा रहा है। इस पर टीम को मौके पर भेजा गया। इस दौरान टीम ने करन चौधरी का बरातघर सील कर दिया। उधर, कॉलटैक्स में पवन तिवारी ने जब नक्शा पास कराया था, उसमें बेसमेंट में पार्किंग दिखाई थी, लेकिन पार्किंग की जगह में पांच दुकानें बना दी गई। जिला विकास प्राधिकरण के संयुक्त सचिव एपी वाजपेयी ने बताया कि इन पांच दुकानों को भी सील कर दिया है। सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट ने बताया कि ये बरातघर सरकारी जमीन में बनाया जा रहा था। कहा कि भू स्वामी से इसके पेपर मांगे गए हैं। कहा कि लोगों की शिकायत पर ये कार्रवाई की गई है।

## पुलिस ने होटल में फर्जी आईडी से ठहरे युवक युवती से की पूछताछ

लालकुआं। हिंदूवादी संगठनों की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने नगर के एक होटल में ठहरे अलग-अलग समुदाय के युवक व युवती को कोतवाली लाकर पूछताछ की। युवक ने हिंदू युवक के नाम की आईडी लगाकर होटल में कमरा लिया था। पूछताछ के बाद युवती को उसके स्वजनों को सौंप दिया गया जबकि युवक की बाइक को सीज करते हुए उसका चालान कर दिया। पुलिस ने होटल स्वामी का भी चालान किया है। पुलिस को पूछताछ में पता चला कि सिरौली कला किच्छा निवासी युवक समुदाय विशेष का है, उसने फर्जी ढंग से हिंदू युवक की आईडी लगाकर होटल में कमरा लिया था जबकि दिनेशपुर निवासी युवती बंगाली समुदाय की थी। इस दौरान हिंदूवादी नेता कमल मुनि, सचिन फुलारा, सुभाष नागर, मनोज गुप्ता समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने कोतवाल से मुलाकात कर युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इधर कोतवाल डीसी फर्त्याल ने बताया कि मामले में तहरीर नहीं आई है इसलिए दोनों को उनके स्वजनों को सौंप दिया गया है।

## सड़क किनारे खड़ी जिप्सी में आग लगने से मचा हड़कंप

रामनगर(उद संवाददाता)। रविवार की देर रात नेशनल हाईवे 309 ढिकुली क्षेत्र में सड़क किनारे खड़ी एक जिप्सी में भीषण आग लग गई जिसके बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई तथा आसपास के लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया । लोगों का कहना है कि ग्राम ढिकुली में हर रोज की तरह जिप्सी चालक अपने वाहन को सड़क किनारे खड़ा कर रहा था । इसी बीच अचानक जिप्सी के अगले हिस्से में आग लग गई जैसे ही चालक को पता चला तो वह घबरा गया और उसने आग बुझाने का प्रयास किया । लेकिन आग की लपटे देखकर वह घबरा गया और मौके से भाग गया तथा उसने आसपास की ग्रामीणों को जानकारी दी । इसके बाद मौके पर पहुंचे दर्जनों ग्रामीणों ने जिप्सी में लग रही । आग पर काफी देर तक रेता और पानी डालकर काफी देर बाद आग पर काबू पाया । अगर ग्रामीण आग बुझाने का प्रयास न करते तो एक बड़ा हादसा होने की संभावना थी । आग बुझने के बाद ही ग्रामीणों ने रात की सांस ली । वहीं घटना की जानकारी मिलने के बाद प्रशासन भी मामले की जांच में जुट गया है।

# संत महापुरूषों के जीवन से लें प्रेरणा : हरिचैतन्यपुरी

## इन्द्रा कालोनी में भव्य स्वागत के साथ धूमधाम से मनाया जन्मोत्सव





रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री हरिकृपा आश्रम, कामां के पीठाधीश्वर संत श्री 1008 स्वामी हरि चैतन्यपुरी जी महाराज का आज प्रातः इन्द्रा कालोनी में प्रवीण बत्रा के आवास पर हरि भक्तों कें द्वारा पुष्प वर्षा कर जयघोषों के साथ भव्य स्वागत किया गया साथ ही श्री महाराज के कर कमलों द्वारा केक कटवाकर उनका जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया। इस मौके पर श्री महाराज ने हरि भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि हर व्यक्ति को हमेशा गुरू महाराज, संत महापुरूषों, पूर्वजों का जन्मोत्सव मनाना चाहिए। परंतु यह तभी सार्थक होगा जब हम सभी उनके जीवन प्रेरणा लेकर उन्हें अपने जीवन उतारकर स्वयं को समाज सेवा में समर्पित करें। उन्होंने कहा कि आज हम अपने परिवार के सभी पूर्वजों नाम तक नहीं जानते हैं न ही उनका जन्मदिन मनाते हैं। लेकिन संत महापुरूषों का जन्म दिन मनाना नहीं भूलते। हमें अपने पूर्वजों को भी प्रतिदिन नमन करना चाहिए। तभी हमारा जीवन सफल हो सकेगा। उन्होंने कहा कि हम अपना जन्मदिन मनाकर खुश होते हैं परंतु यह नहीं सोचते हैं कि हमारी आयु एक वर्ष और कम हो गई है। हमें अपने जीवन के प्रति सचेत होते हुए अच्छे काम करने चाहिए। हमेशा बड़ों का सम्मान तथा जरूतरमंद लोगों की मदद करनी चाहिए। अच्छे कर्म ही मनुष्य कों महान बनाते हैं और उनके निधन के दशकों साल के बाद भी लोग उन्हें याद करते रहते है। श्री महाराज ने कहा कि हरि भक्तों द्वारा पिछले करीब माह से अग्रिम रूप से उनका जगह जगह जन्मोत्सव मनाया जा रहा है। आगामी 9 से 12 जून तक श्री हरि कृपा आश्रम गढीनेगी में विशाल धर्म सम्मेलन एवं भंडारा के साथ उनका जन्मोत्सव मनाया जायेगा। जिसमें कई राजनैतिक, धार्मिक, सामाजिक, व्यापारिक संगठनों से जुड़े गणमान्य लोगों के साथ तमाम समाजसेवी व लाखों की संख्या में हरि भक्त शामिल होंगे। तत्पश्चात श्री महाराज ने अपने कर कमलों से केक काटा। हरि बोल, कामां के कन्हैया की जय, लाठी वाले भैया की जय के जयघोषों से सारा वातावरण गुंजायमान हो गया। इस मौके पर प्रशांत बत्रा, सरिता, प्रिया बत्रा, प्रेमलाल छावड़ा, सुनील चांदना, सुरेश राजदेव, सरोज, हिमांशु चौधरी, राधा चौधरी, रानी धमीजा, भीमसेन, सोहन लाल, सुनीता, राजीव भसीन, प्रमोद धींगरा, दीपक शर्मा, चंचल निझावन, हरीश चन्द मुंजाल, सूरज मुंजाल, राजू मुंजाल सहित भारी संख्या में हरि भक्त मौजूद थे।

# आर्य समाज का तीन दिवसीय वार्षिक उत्सव सम्पन्न

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। सनातन एवं राष्ट्र रक्षा के संकल्प के साथ आर्यसमाज का 133 वा वार्षिकोत्सव सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं कालाढूंगी के विधायक बंशीधर भगत ने आर्य समाज को अपनी मां कहते हुए कहा कि वह अगले वर्ष आने से पहले कम से कम दो परिवारों को आर्य समाज से जोड़ेंगे उन्हें आर्य बनाकर लाऊंगा। क्योंकि आर्य समाज ही वह संस्था है जो माता भूमि: पुत्रोअहम् पृथिव्या: उद्घोष करते हुए राष्ट्र को अपनी मां मानती है और मानव मात्र के कल्याण को अपना उद्देश्य मानती है। आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानंद सरस्वती ने ़कृण्वन्तो विश्वमार्यम़् का उद्घोष किया था। इसका उद्देश्य यही था कि पूरे विश्व में ईश्वर द्वारा स्थापित सत्य सनातन वैदिक धर्म का प्रचार हो एवं जिस प्रकार श्रीराम चन्द्र आर्य थे, श्री कृष्ण जी आर्य थे और देश का नाम भी आर्यावर्त था। वैसे आर्यावर्त का निर्माण हो और मानवता बचे, इसके लिए आर्य समाज संस्था को सभी प्रकार का सहयोग देते हुए सनातन की रक्षा करनी चाहिए। इस अवसर पर बंशीधर भगत ने नेत्रदान की भी घोषणा की।वार्षिकोत्सव में वैदिक विद्वान के रूप में पधारे डॉ. वेदपाल आचार्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतवर्ष ऋषियों का, महापुरुषों का, चक्रवर्ती राजाओं, धनुर्धरों का, वीर वीरांगनाओं का देश है। इस देश की संस्कृति सबसे प्राचीन एवं गौरवशाली है। विश्व के देशों ने भारत से सदैव मानवता की शिक्षा प्राप्त की है। वही भारतवर्ष पुन: विश्व गुरु तभी बनेगा जब हर घर में वेद का उपदेश होगा, रामायण की कथा होगी, गीता का संदेश दिया जाएगा। कार्यक्रम में अमृतसर से पधारे अंतर्राष्ट्रीय भजननोपदेशक पंडित दिनेश पथिक ने




प्रभु भक्ति, देश भक्ति एवं मानव निर्माण से ओतप्रोत भजनों को प्रस्तुत किया। आर्यप्रतिनिधि सभा उत्तराखंड के प्रधान डीपी यादव ने कहा कि आर्य समाज का उद्देश्य हर व्यक्ति को धार्मिक आध्यात्मिक बनने के साथ-साथ राष्ट्रभक्त बनाना है। विद्यार्थियों का निर्माण हो या गृहस्थियों का संस्कार संपन्न परिवार, या वानप्रस्थ और संन्यास की परंपरा। इन सबको आर्य समाज पोषित करता है। हल्द्वानी आर्य समाज के प्रधान प्रोफेसर विनय विद्यालंकार ने कार्यक्रम के अंत में कुछ संकल्प करवाए। जिनमें प्रथम संकल्प था कि प्रत्येक परिवार में सभी सदस्यों को प्रतिदिन न्यूनतम 1 घंटे एक साथ बैठकर अपनी संस्कृति, सनातन धर्म के विचार और महापुरुषों के जीवन पर चर्चा करनी चाहिए तथा सनातन की रक्षा के लिए संकल्प लेते हुए अपने परिवारों को संस्कारवान बनाना आवश्यक है। दूसरा संकल्प करवाया कि सभी सनातनी सनातन धर्मी लोगों को एकजुट होकर सामाजिक शक्ति का विकास करना चाहिए। तीसरा संकल्प सभी परिवारों में सन्ध्या, हवन व भजन -कीर्तन की परम्परा पुन: प्रचलित करनी होगी। कार्यक्रम में हरजीत सिंह सच्चर ने नेत्रदान महादान पर सभी को संकल्प दिलवाया कि हम सभी को एक दिन संसार से जाना है। तो क्यों न किसी नेत्रहीन को दृष्टि देकर जाएं। इसलिए सभी अपने नेत्रों को दान करने का संकल्प लें। माता कांता विनायक ने भी नेत्रदान पर भावुक अपील की।यज्ञ की पूर्णाहुति हुई जिसमें 11 यज्ञ बम्वेदियों पर 40 दम्पतियों ने यजमान के रूप में भाग लिया।मुख्य यजमानों में डॉ. विनय विद्यालंकार, डॉ. वर्षा चौधरी, प्रोफेसर (डॉ) विनय खुल्लर एवं ममता खुल्लर, आयकर अधिकारी अवधेश मलिक व आस्था मलिक, एसपी सिंह व कमलजीत कौर, डॉ. अतुल राजपाल व डॉ. गुंजन राजपाल, अविनाश सेठी व उपमा सेठी, सोबरन शर्मा व ढालकुमारी शर्मा, नवीन् थरेजा, अनुज कान्त खण्डेलवाल, मुनेश कुमार सिंह, अमित भारद्वाज आदि रहे। यज्ञ में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रेनू अधिकारी भी सम्मिलित हुईं। केन्द्रीय राज्य मन्त्री अजयभट्ट के पुत्र दिग्विजय भट्ट, श्रीमती विजयलक्ष्मी चौहान, शंकर कोरंगा, कार्तिक हर्बोला, यमुनादत्त बेलवाल, जयन्ती बोरा, रेखा नेगी, सुनील विनायक, राजकुमार राजौरिया, आचार्य विनोद कुमार, सन्तोष भट्ट, उमेश तिवारी, सुरेश तिवारी कैप्टन प्रकाश जोशी, ललित जोशी उनके बीस कैडेट्स के साथ साथ अनेक व्यक्तियों ने विशेष सहयोग दिया।

# गुलदार ने युवक पर किया हमला,दहशत का माहौल

रामनगर(उद संवाददाता)। रामनगर कॉर्बेट क्षेत्र से सटे होने के कारण यहां गुलदार और टाइगर के हमले रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं क्षेत्र में लगातार मानव वन्य जीव की घटनाएं बढ़ते जा रही है। पिछले हफ्ते ही गुलदार ने तराई पश्चिमी वन प्रभाग के पुछड़ी क्षेत्र में एक साथ तीन लोगों पर हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया था। वही आज फिर ताजा मामला रामनगर वनप्रभाग के तराई पश्चिम के अंतर्गत पड़ने वाले भवानीपुर पंजाबी कॉलोनी का है जहां एक 40 वर्षीय तारा सिंह आज जो पेशे से मजदूर है । शनिवार की शाम 6:00 बजे खेत में काम करके जब घर को आ रहा था तो भवानीपुर पंजाबी क्षेत्र के पास पडने वाली पुलिया के पास गुलदार ने तारा सिंह पर हमला कर दिया जिसमें गुलदार ने तारा सिंह के कंधे पर व हाथ पर



गंभीर नाखूनों व दांत के निशान लगाए हैं।वही भवानीपुर पंजाबी के निवासी ऐके शर्मा ने बताया कि तारा सिंह उनके खेत में लेबरी का काम करते हैं,आज शाम जब वह खेत में काम कर घर आ रहा था तो पास में ही उस पर गुलदार ने हमला कर दिया। जिसमें गुलदार ने उसके हाथ को अपने मुंह में दबा लिया। आसपास के लोगों के हो हल्ला करने के बाद गुलदार तारा सिंह को छोड़ जंगल की ओर भाग गया। वहीं उन्होंने बताया कि आसपास के लोगों की मदद से तारा सिंह को रामनगर के संयुक्त चिकित्सालय में लाया गया है जहां उनका उपचार किया जा रहा है । उन्होंने गुलदार से बचाव को लेकर वन विभाग से गुहार लगाई है। वहीं आमपोखरा रेंज के रेंज अधिकारी पूरन सिंह खनायत भी सूचना पर मौके पर पहुंच गए। रेंज अधिकारी ने कहाँ कि हमारे द्वारा मौके पर पिंजरा लगाने को लेकर उच्च अधिकारियों से बातचीत की जा रही है। साथ ही उन्होंने लोगों से अंधेरे में अकेले ना जाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि हमारे द्वारा क्षेत्र में गस्त भी बढ़ा दी गई है।

# बनभूलपुरा से तीन किशोर लापता

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बनभूलपुरा थाना क्षेत्र से संदिग्ध परिस्थितियों में तीन किशोर लापता हो गए। उनके परिजनों ने थाने में उनकी गुमशुदगी दर्ज कराई है। उजाला नगर वार्ड 29 निवासी सलीक अहमद का कहना है कि उसका 14 वर्षीय पुत्र शहजाद उर्फ शेजू एक मई की दोपहर घर में बिना किसी को बताए चला गया। तब से घर वापस नहीं लौटा है। वहीं बरेली रोड़ इंदिरा नगर निवासी



रईस अहमद का कहना है कि उसका 15 वर्षीय पुत्र मोहम्मद जेद एक मई की दोपहर घर से बिना बताए कहीं चला गया है। जबकि काबुल का बगीचा इंद्रानगर निवासी रफीक अहमद ने बताया कि उसका 17 वर्षीय पुत्र राफे अहमद 25 अप्रैल की रात्रि 8 बजे घर से कहीं चला गया है। परिजनों ने अपने लापता बच्चों की सभी संभावित स्थानों पर खोजबीन की। थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी ने आम जनता से अपील की है कि उक्त लापता किशोरों में किसी का भी पता चलने पर थाना बनभूलपुरा पुलिस को सूचित करें।

# वन विभाग ने अवैध लकड़ी से भरा मैक्स वाहन पकड़ा

रामनगर। कुछ ग्रामीण इलाकों को फल पट्टी क्षेत्र घोषित किये जाने के बावजूद भी इन इलाकों में लगातार जिम्मेदार विभाग के अधिकारियों की मिली भगत से अवैध रूप से बगीचों से फलदार वृक्षों का कटान किया जा रहा है। भू माफियाओं द्वारा यहां पर कालोनियां विकसित करने का काम भी किया जा रहा है। शनिवार की रात भवानीगंज क्षेत्र में तराई पश्चिमी वन प्रभाग की आम पोखरा रेंज के कर्मचारियों ने एक मैक्स वाहन को रोककर उसमें 10 गिल्टे आम की लकड़ी के बरामद किए। इस बीच वाहन चालक मौके से फरार हो गया मामले में रेंजर के पूरन सिंह खनायत ने बताया कि आम पोखरा रेंज में अवैध रूप से एक बगीचे से अवैध रूप से आम का पेड़ काट कर ले जाया जा रहा था। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा इस बहन व लकड़ी को जप्त करने की कार्रवाई की गई है तथा अज्ञात लोगों के खिलाफ वन अपराध दर्ज किया गया है उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# महिलाओं को दिया जा रहा मोमबत्ती बनाने का प्रशिक्षण

गरुड़। दिनेश सिंह,विकास खंड गरुड़ में महिलाओं को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) योजना के तहत हर्बल धूप अगरबत्ती मोमबत्ती बनाने का 10 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है।आरसेटी बागेश्वर के माध्यम से दिए गए प्रशिक्षण में ग्राम संगठन रोशनी स्वयं सहायता समूह की 40,महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए, रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए, यह पहल की गई । प्रशिक्षण में कच्चे माल का चयन मिश्रण तैयार करना और सुखना आदि तकनीकियों की जानकारी प्रदान की गई। मास्टर ट्रेनर ममता मेहरा ने प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी महिलाओ से धूप, अगरबत्ती का उत्पादन कर आसानी से बाजार में में स्वनिर्मित उत्पादों को बेचकर आर्थिक रूप से सक्षम बनने की बात कही। उन्होंने कहा कि (एनआरएलएम) योजना के तहत महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनके आर्थिक विकास के लिए इस प्रकार के प्रयास निरंतर होने चाहिएं।प्रशिक्षण में ब्लॉक मिशन प्रबंधक बिष्ट हरेंद्र बिष्ट नरेश झडियाल, आरसेटी, चंदन भाकुनी प्रशिक्षक ममता मेहरा, आशा देवी ,मुन्नी देवी पिंकी देवी, विमला देवी, राधा देवी, शांति देवी, आदि लोग मौजूद रहे।





# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्


## बढ़ते तापमान का प्रकोप

यह जगजाहिर है कि जलवायु परिवर्तन की वजह से वैश्विक ताप बढ़ रहा है। हर वर्ष तापमान में कुछ और बढ़ोतरी दर्ज होने लगी है। गर्मी का मौसम लंबा होने लगा है। सर्दी में भी गर्मी का असर दिखता है। दुनिया के बहुत सारे इलाके जो पहले बर्फ से ढंके रहते थे, लू के थपेड़े सहने को मजबूर हो चुके हैं। लू की वजह से लोगों की जान भी खतरे में पड़ रही है। इसलिए हर वर्ष जलवायु परिवर्तन के खतरों से निपटने के लिए आयोजित होने वाली बैठक में कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने के संकल्प लिए जाते हैं। मगर हकीकत यह है कि इस दिशा में कोई उल्लेखनीय नतीजा दर्ज नहीं हो पा रहा है। चिंता जताई जा रही है कि अगर तापमान में बढ़ोतरी डेढ़ डिग्री सेल्सियस से पार गया, तो दुनिया के सामने विनाश का भयावह मंजर नजर आने लगेगा। मगर इस संकल्प पर दृढ़ता से आगे बढ़ने की अपेक्षित गंभीरता नहीं दिखती। अमीर देश कार्बन उत्सर्जन में कटौती की जिम्मेदारियां गरीब और विकासशील देशों के कंधों पर डाल कर इस समस्या से निजात पाने का सपना देख रहे हैं। छिपी बात नहीं है कि कार्बन उत्सर्जन के लिए सबसे अधिक जिम्मेदार वे देश हैं, जो औद्योगिक उत्पादन अधिक करते हैं, जहां जैव ईंधन का इस्तेमाल ज्यादा होता है। उनसे अपेक्षा की जाती है कि जैव ईंधन के उपयोग में कटौती और ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों पर अपनी निर्भरता बढ़ाएं। मगर ऐसा हो नहीं पा रहा। इसमें आम नागरिकों का भी योगदान अपेक्षित है। खासकर भारत जैसे विकसित हो रहे देश में, जहां गाड़ियों और औद्योगिक इकाइयों का तेजी से विस्तार हो रहा है। घरों, दफ्तरों, निजी और सार्वजनिक वाहनों या फिर गोदामों आदि को जिस तरह वातानुकूलित बनाने पर जोर दिया जा रहा है, वैसी स्थिति में कार्बन उत्सर्जन में कमी लाना चुनौती बनता गया है। ऊपर से बुनियादी ढांचे के विकास पर अधिक जोर होने की वजह से जंगलों की अंधाधुंध कटाई हो रही है, पृथ्वी की सतह का बड़ा हिस्सा कंक्रीट से ढंकता गया है। ऐसे में कार्बन और गर्मी को अवशोषित करने के नैसर्गिक माध्यम सिकुड़ते गए हैं। लोग वातानुकूलित वातावरण में रहने के अभ्यस्त होते गए हैं, इसलिए तापमान सामान्य से थोड़ा भी बढ़ जाए तो उन्हें सहन नहीं हो पाता। मगर लोग इस समस्या से पार पाने में निजी तौर पर कोई योगदान करते नजर नहीं आते। सलाह दी जाने लगी है कि जीवन-शैली में अगर पारंपरिक तौर-तरीके अपना लिए जाएं, तो वैश्विक ताप बढ़ने से काफी हद तक रोका जा सकता है। सरकारों का जोर चूंकि अर्थव्यवस्था के विकास पर है, इसलिए वे औद्योगिक उत्पाद और बाजार के विस्तार पर अधिक ध्यान केंद्रित करती हैं। मौसम की मार बढ़ने के पीछे अनेक वजहें हैं। भवन निर्माण से लेकर खानपान के संसाधनों तक में अब पारंपरिक शैली को त्याग दिया गया है। स्थानीय संसाधनों की जगह आयातित वस्तुओं का इस्तेमाल बढ़ रहा है, जिनका मौसम से तालमेल नहीं बढ़ पाता। बिना सोचे-समझे वातानुकूलन और जरूरत के मुकाबले बेलगाम वाहनों और गैस संचालित कार्यों के बढ़ते प्रचलन से गर्मी का प्रकोप और बढ़ रहा है। इससे भवनों के भीतर का वातावरण तो जरूर ठंडा हो जाता है या कुछ सुविधाएं मिल जाती हैं, पर वातानुकूलन संयंत्रों से निकलने वाली गर्मी बाहर के वातावरण का तापमान काफी बढ़ा देती है। जलवायु में उथल-पुथल की जो हालत होती जा रही है, उसमें अब इस बात की जरूरत है कि विकास और पर्यावरण के बीच एक संतुलन कायम किया जाए। अन्यथा सुविधा कब मुसीबत बन जाएगी, कहा नहीं जा सकता।

# चारधाम यात्रियों की मौतों पर विपक्ष ने उठाए सवाल

## 16 दिन में तबियत बिगड़ने से अब तक 56 तीर्थयात्रियों की मौत

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड में चारधाम यात्रा को शुरू हुए अभी महज 16 दिन ही हुए हैं लेकिन यात्रा के शुरुआती दो हफ्ते उत्तराखंड के लिए और चारधाम यात्रा के लिए बहुत निराशाजनक रहे। जिसमे अभी तक 50 से अधिक यात्रियों की मौत हो चुकी है। चारधाम यात्रा जहां अपने सारे पुराने रिकॉर्ड तोड़ रही है। लेकिन रिकॉर्ड तोड़ चारधाम यात्रा ने पहाड़ की बदहाल स्वास्थ्य की व्यवस्थाओं की पोल खोल करके रख दी है। चारधाम में हुई मौतों को लेकर अब विपक्ष सरकार पर सवाल उठा रही है। दो दिन पहले चारधाम यात्रा में मृत्यु के आंकड़ों को लेकर गढ़वाल आयुक्त रवि शंकर पांडे ने जानकारी दी। आंकड़ों के मुताबिक चारधाम यात्रा में अब तक 50 से अधिक श्रद्धालुओं की मौत हो चुकी है। मरने वाले लोगों में ज्यादातर 60 वर्ष की आयु से अधिक वाले लोग हैं। मिली जानकारी के मुताबिक रविवार तक चारधाम यात्रा में मरने वाले तीर्थयात्रियों की संख्या 56 हो गई है। मौत के कारण की बात करें तो यह कार्डियक अटैक साथ संबंध ी समस्याएं और हायर एल्टीट्यूड बताया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के पास अब तक यात्रियों की मौत किस कारण हुई



इसकी कोई सटीक जानकारी उपलब्ध नहीं है। डीजी हेल्थ विनिता शाह का कहना है कि हमारी पूरी कोशिश है कि श्रद्धालुओं जगह-जगह पर स्क्रीनिंग हो और फिजिशयन द्वारा उनका चेकअप हो ताकि समय पर बीपी कंट्रोल हो जाए। श्रद्धालुओं को सलाह दी गई कि अपनी यात्रा आराम से करें। इसके साथ ही डीजी हेल्थ का कहना है कि डेथ का डाटा लिया जाएगा और एनालिसेस करने के बाद फ्यूचर प्लानिंग की जा सकें। कांग्रेस अब इस मुद्दे पर सरकार को घेरती हुई नजर आ रही है। कांग्रेस प्रवक्ता शीशपाल सिंह बिष्ट का कहना है की 52 लोगों की मौत एक चिंताजनक विषय है और मुख्यमंत्री जी को स्वयं इस पर संज्ञान लेना चाहिए। बाहरी प्रदेश से आए व्यक्ति की जान माल की रक्षा की जिम्मेदारी आखिर किसकी है। स्वास्थ्य महकमा कहां है और जिनकी इस पर सबसे बड़ी जिम्मेदारी है स्वयं स्वास्थ्य मंत्री कहां गायब है। शीशपाल बिष्ट का कहना है कि हमने सरकार को पहले भी चेताया था। लेकिन सरकार ने विगत वर्षों में हुई मृत्यु से कोई सबक नहीं लिया और स्वास्थ्य व्यवस्था को दुरुस्त नहीं किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को तत्काल प्रभाव से मामले का संज्ञान लेना चाहिए और स्वास्थ्य मंत्री को इस मामले की जांच करनी चाहिए। भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान का कहना है कि मुझे लगता है कि कांग्रेस हो या कोई भी विपक्षी हो चारधाम यात्रा पर प्रश्न उठाना प्रदेश की छवि को धुमिल करने का प्रयास है। विश्व प्रसिद्ध चारधाम यात्रा में लाखों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं लेकिन इस वर्ष अधिक संख्या में श्रद्धालु चारधाम यात्रा में आ रहे हैं। विपक्ष की मानसिकता उनकी यात्रा को प्रभावित करने की है।

# पानी के लिए जल निगम कार्यालय में किया प्रदर्शन

बागेश्वर(उद संवाददाता)। जल जीवन मिशन योजना के तहत आंशिक काम होने के कारण गरूड़ विकास खंड के गैरलेख व पथरिया गांव के 75 परिवार पानी के संकट से जूझ रहे हैं। ग्रामीणों ने पेयजल योजना सुचारू किए जाने की मांग को लेकर जल निगम कार्यालय मेंज्ञापन दिया, जिसके बाद वे जलसंस्थान कार्यालय पहुँचे जहाँ उन्होंने पानी नही मिलने पर कार्यालय में नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। गरूड़ के गैरलेख व पथरिया के ग्रामीण शुक्रवार को बागेश्वर पहुंचे तथा विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने जल निगम और जलसंस्थान के अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंपा। कहा कि वर्ष 2009 में गांवों के लिए स्वैप योजना से लाइन का निर्माण किया। इसके बाद जल जीवन मिशन के तहत योजना में आंशिक काम करवाया द्वितीय चरण में गांव के लिए पेयजल आपूर्ति हेतु टैंक का निर्माण कराया। टैंक में पानी केलए कोई व्यवस्था नहीं है। योजना का मुख्य हैड



सूख चुका है जिससे गांवों के विद्यालयों समेत गांव में पानी की किल्लत बनी हुई है। उन्होंने कहा कि गैरलेख व पथरिया के लिए बानणा गधेरे से नए हैड से पुरानी लाइन में एक लाईन को संयोजित करने से पेयजल किल्लत कुछ हद तक दूर हो सकती है कहा कि एक अन्य विकल्प के रूप् में अणां-बानणा पेयजल योजना से 15 या 20 मिमी की लाईन टैंक तक दिया जा सकता है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से गांव के लिए पृथक से पेयजल लाईन बनाने तथा पानी की आपूर्ति की पूर्ति किए जाने की मांग की है। वही निगम के अधिशासी अभियंता वीके रवि ने ग्रामीणों को जल्द समस्या का समाधान करने, और योजना के कुशल संचालन में सभी उपभोक्ताओं को सहयोग की अपील की।साथ ही जलसंस्थान द्वारा भी जल्द पेयजल व्यवस्था को सभी उपभोक्ताओं को वितरण करने के लिए सभी संयोजनों में फिरूल लगाकर वितरण की व्यवस्था करने की बात कही। साथ ही योजना में आई खराबी को जल्दी ठीक कर व्यवस्था सुचारू करने का आश्वासन दिया।इस दौरान गोपाल राम, प्रेमनाथ, चंद्र बल्लभ, हीरा नाथ, मोहन नाथ, जगदीश सिंह, चंदन नाथ, आनंद नाथ, आनंद नाथ, आनंदी देवी, सुनीता देवी,जीवन नाथ आदि उपस्थित थे।इसके बाद उन्होंने जिलाधिकारी व जल संस्थान के अधिकारियों को भी ज्ञापन देकर समस्या से निदान दिलाने की मांग की।

# एसओजी प्रभारी ने एनसीसी कैडेटों को किया जागरूक

बागेश्वर। एसओजी प्रभारी प्रह्लाद सिंह ने पुलिस द्वारा चलाये जा रहे नशा मुक्ति एवं जनजागरुकता अभियान के तहत पुलिस टीम के साथ राजकीय



नवोदय विद्यालय सीमार में जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर छात्र-छात्राओं,एनसीसी कैडेटों व स्टाफ को बाल भिक्षावृत्ति, बाल श्रम, मानव तस्करी की रोकथाम के सम्बन्ध में तथा नशे के दुष्परिणामों, बाल अपराध, महिला सुरक्षा कानून, चाइल्ड हेल्प लाइन, यातायात नियमों, सड़क दुर्घटना में घायलो की मदद कर नेक व्यक्ति बनने आदि के सम्बंध में जानकारी दी गई। साथ ही गुड टच एवं बैड टच के साथ, सभी छात्र- छात्राओं को अपने आस-पास बाल श्रम व बाल भिक्षावृत्ति में लिप्त बच्चों की सूचना तुरन्त पुलिस को देने की अपील की। साथ ही उपस्थित एनसीसी कैडेटों छात्र-छात्राओं व विद्यालय के शिक्षकों स्टाफ को वर्तमान में विभिन्न माध्यमों से घटित हो रहे साईबर क्राईम के प्रति जागरूक करते हुए सोशल मीडिया में किसी अनजान व्यक्ति फोन कॉल पर किसी भी व्यक्ति को अपने बैंक खाता, एटीएम कार्ड, ओटीपी आदि की जानकारी नही देने और किसी लालच में ना आने, किसी अंजान लिंक व क्यूआर कोड को स्कैन न करने के बारे में बताया गया। डॉयल-112, महिला हेल्पलाइन नम्बर-1090, साइबर हेल्पलाइन नम्बर-1930 आदि के बारे में जानकारी दी गई।

# दसवीं के छात्र की जहरीला पदार्थ खाने से हुई मौत

बागेश्वर। झिरोली थाना पुलिस क्षेत्र के अंतर्गत बोहाला निवासी कक्षा दस के छात्र ने जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। शनिवार शाम अचानक 16वर्षीय दसवीं कक्षा के नाबालिक छात्र ने कुछ जहरीला पदार्थ खा लिया, तभी अचानक तबियत बिगड़ने पर उसने अपने माता पिता को तबियत बिगड़ने की बात बताई, परिजन आनन फानन में स्कूटी वाहन से उसे तत्काल दाड़ोछिना स्थित सरकारी अस्पताल ले गए, जिसके बाद तबियत में सुधार नहीं होने पर पिता ने वाहन बुक कराकर जिला अस्पताल लाए, जहाँ उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। जिला अस्पताल की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। शव कब्जे में लेककर पंचनामा भरा। जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार काफलीगैर तहसील के बोहाला निवासी



16 साल के राजेश असवाल उर्फ राजा पुत्र बलबीर अस्वाल ने शनिवार को कुछ जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन रात में ही उसे जिला अस्पताल लाए, लेकिन उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। अस्पताल प्रबंधन ने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी। सूचना के बाद एसएसआई संजय वृजवाल और उपनिरीक्षक सतपाल सिंह दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। शव कब्जे में लेकर पंचनामा भरा। जहाँ शव का पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौप दिया।एसएसआई बृजवाल ने बताया प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है। पुलिस ने बताया कि परिजनों के अनुसार मृतक राइंका बोहाला में कक्षा दस में पढ़ता था।दोपहर में ही गांव में एक पूजा समारोह के बाद वह घर लौटा था, जहाँ शाम को वह खेलने के बहाने चले गया था, पर जब देर शाम घर आया तो उसकी तबियत बिगड़ने लगी थी, जिसके बाद परिजन अस्पताल ले गए पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# हॉफ के एक आदेश से प्रदेश में जड़ी बूटी कारोबार पर लगा ग्रहण

## एक लाख लोगों के प्रभावित होने की आशंका

रामनगर(उद संवाददाता)। प्रदेश के परंपरागत जड़ी बूटी व्यवसाय पर वन विभाग के प्रमुख वन संरक्षक का एक आदेश भारी पड़ने लगा है। इस वन उपज की रॉयल्टी दरों में की गई बेतहाशा वृद्धि के चलते कारोबारियों की दिलचस्पी विदेशी माल में होने लगी है। आशंका व्यक्त की जा रही है कि इससे पर्वतीय क्षेत्रों के एक लाख से अधिक लोगों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। उल्लेखनीय है कि उत्तराखंड के चमोली, पौड़ी, उत्तरकाशी, अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, बागेश्वर जैसे पर्वतीय क्षेत्रों के जंगलों में बड़ी संख्या में लोग मौज घास, झूला पत्ता, तेजपत्ता एकत्रित करने का काम करते हैं। वन उपज की श्रेणी में शामिल इस सामग्री को ऋषिकेश, रामनगर, टनकपुर आदि मंडियों में पहुंचाने के लिए गढ़वाल मंडल विकास निगम, कुमाउं मण्डल विकास निगम, वन विकास निगम तथा भेषज संघ लगभग 4 रुपए किलो की दर से रॉयल्टी लेकर निकासी रवन्ना जारी करता है। जिससे बाद जड़ी बूटी संग्रहकर्ता इन्हें वन विकास निगम के डिपो पहुंचाते हैं। जहां नीलामी के बाद यह माल व्यापारियों के गोदाम में पहुंचता हैं। प्रदेश में तीन स्थानों पर मंडी होने के बाद भी इसका मुख्य कारोबार केवल रामनगर में ही होता है। व्यापारियों के यहां इन जड़ी बूटी की क्वालिटी के हिसाब से ग्रेडिंग कर पैकिंग के बाद यह माल यूपी, केरल, गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश के अलावा अरब देशों को भेजा जाता है। जहां इनसे विभिन्न प्रकार के मसाले, इत्र, सौंदर्य प्रसाधन, आयुर्वेदिक दवाइयों का निर्माण किया जाता है। उत्तराखंड के अलावा इन जड़ी बूटियों का उत्पादन नेपाल, मोरक्को, नाइजीरिया, वियतनाम आदि देशों में भी होता है। लेकिन भारत में इनके महंगे होने के कारण बाजार में उत्तराखंड की जड़ी बूटी की ही मांग अधिक रहती है। लेकिन इस वर्ष फरवरी माह में वन विभाग के तत्कालीन मुखिया अनूप मलिक ने वन निगम के माध्यम से होने वाली प्रकाष्ठ बिक्री की तर्ज पर इन जड़ी बूटियों पर रॉयल्टी को भी वन निगम की विक्रय दर का चालीस प्रतिशत कर दिया है। नए आदेश से पूर्व औसतन दो सौ रुपए किलो की दर तक बिकने वाली जड़ी बूटी की दर लगभग तीन सौ रुपए किलो तक पहुंचने लगी है। जबकि नेपाल व अन्य देशों से आने वाली यही जड़ी बूटी जीएसटी तथा आयात शुल्क के बाद करीब सवा दो सौ रुपए किलो की दर से खुले बाजार में उपलब्ध है। ऐसे में इस व्यवसाय से जुड़े लोगों ने स्वदेशी जड़ी बूटी के स्थान विदेशी माल को तरजीह देना शुरू कर दिया है। जिसका सीधा खामियाजा पर्वतीय क्षेत्र के जड़ी बूटी संग्रहकर्ताओं को उठाना पड़ रहा है। प्रदेश में इन जड़ी बूटी का सालाना कारोबार सवा सौ करोड़ रुपए है। जबकि वन निगम के आंकड़ों के अनुसार साल 2022-23 में जड़ी बूटी का कुल कारोबार 138 करोड़ रुपए था। एक आकलन के अनुसार प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में करीब एक लाख लोग जड़ी बूटी संग्रह के व्यवसाय से जुड़े हुए हैं। जबकि रामनगर में जड़ी बूटी की ग्रेडिंग व पैकिंग के काम में भी पांच सौ से अधिक लोग कार्यरत हैं। ऐसे में वन विभाग के मुखिया द्वारा जड़ी बूटी रॉयल्टी दरों में की गई भारी वृद्धि के कारण बाजार में स्थानीय उत्पाद नहीं टिक पा रहा है। जड़ी बूटी कारोबारियों का कहना है कि वन विभाग द्वारा बिना शासन के अनुमोदन के लागू किए गए इस आदेश के बाद उनके सामने स्थानीय उत्पाद के महंगा होने के कारण उसे खरीदना मुश्किल हो रहा है। इससे कम दाम में विदेशी जड़ी बूटियां बाजार में बिक रही हैं। यदि वन विभाग ने अपने इस आदेश में तब्दीली नहीं की तो पहाड़ की महंगी जड़ी बूटी बाजार में नहीं टिक पाएगी। जिसका सीधा नुकसान पर्वतीय क्षेत्रों में लगे जड़ी बूटी संग्रहकर्ताओं को होगा। जो पहले से ही पलायन की मार झेल रहे प्रदेश के हित में नहीं होगा।

# अखण्ड महानाम संकीर्तन में शामिल हो रहे सैकड़ों लोग

## संकीर्तन में पूर्व विधायक ठुकराल ने पूजा अर्चना कर लिया आशीर्वाद

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिला रामपुर डिबडिबा कौशलगंज में 47 वां वार्षिकोत्सव समारोह में 24 प्रहर अखण्ड महानाम संकीर्तन एवं विशाल भंडारा में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने पहुंच कर पूजा अर्चना की एवं शीश नवाकर क्षेत्र में सुख समृद्धि एवं शांति की कामना की इस दौरान श्री ठुकराल ने सभी भक्तजनों को नवरात्र पर्व की भी शुभकामनाएं प्रेषित की। इस दौरान ग्राम वासियों अनुसार कीर्तन मंडली पश्चिमी बंगाल,दिनेशपुर, आदि स्थानों से बुलाये गए एवं सुमधुर कंठ में क्षेत्रवासियों को महानाम सुनाया गया। भंडारे में आस पास के क्षेत्रों से भक्तजनों ने प्रसाद ग्रहण किया। शिवपुर मैं आयोजित अखण्ड महानाम संकीर्तन में पहुंचने पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल को आयोजकों ने अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान ठुकराल ने संकीर्तन सुना और सभी के लिए सुख समृद्धि की कामना की। ठुकराल ने कहा धार्मिक आयोजनों से वातावरण शुद्ध और उर्जावान होता है। धार्मिक आयोजन हमें बुराई का त्याग और अच्छा की राह पर चलने की प्रेरणा देते है। श्री ठुकराल ने कहा कि धार्मिक कार्यक्रम समाज को धर्म की राह पर चलने की प्रेरणा देते हैं। धार्मिक आयोजनों से मन में नई उर्जा का संचार होता है। उन्होंने कहा कि आज युवा पीढ़ी पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव में आकर अपनी संस्कृति को भूल रही है। युवा पीढ़ी को अपने धर्म और संस्कृति से जोड़ने के लिए उन्हें जागरूक करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आज बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ साथ संस्कारों का ज्ञान देना भी जरूरी है। धार्मिक संस्कार ही व्यक्ति को आदर्श नागरिक बनने की प्रेरणा देते हैं। इस दौरान बाहर से आई कीर्तन मण्डलियों राधा रानी सम्प्रदाय,राधाकृष्ण सम्प्रदाय, लक्ष्मीनारायण सम्प्रदाय,श्यामा सम्प्रदाय और गोपाल समुदाय ने संकीर्तन से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर स्वामी भावानंद ब्रह्मचार सेवानंद दास, गौरंग दास,तिलाई,डा. एस. बी. मल्लिक, निमाई मण्डल, सुखदेव मल्लिक मिथुन, बि शक्ति, बृजेन ढाली, डा. पी. के राम, नित्यानंद ब्रस्मचारी भजनानंद, गोपाल,पंचानेद, सूरज दास, चन्दर चुघ, मोहन काकड़ा रोहीत कालड़ा ,अजय नारायण,बंटी कोली सहित सैकड़ों ग्रामवासी मौजूद रहे।







# सालरा गांव में आधा दर्जन घरों में लगी आग

## पुलिस व एसडीआरएफ रवाना, वायु सेना से मांगी मदद

उत्तरकाशी(उद संवाददाता)। मोरी तहसील के सालरा गांव में आधा दर्जन भवन आग की चपेट में आए हैं। आग की घटना से गांव में हड़कंप मचा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से हेलीकॉप्टर के जरिये आग बुझाने की मांग की है। पुरोला और मोरी से पुलिस, एसडीआरएफ की टीम सालरा के लिए रवाना हो चुकी है। यह गांव सड़क मार्ग से करीब तीन किलोमीटर पैदल दूरी पर है। इस गांव में पानी का स्रोत भी आधा किलोमीटर दूर है। गांव में 70-75 परिवार ( मकान) हैं। घटना सोमवार सुबह करीब 11:30 की बताई जा रही है। वहीं जिला आपदा प्रबंधन के अनुसार चार मकान आग की चपेट में आए हैं। अग्निकांड की सूचना मिलते ही पुरोला विधायक दुर्गेश्वर लाल आग बुझाने के लिए राज्य सरकार से हेलीकॉप्टर की मांग कर रहे हैं। जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने उपजिलाधिकारी पुरोला व तहसीलदार मोरी से घटना के बावत जानकारी प्राप्त करते हुए मौके पर राहत एवं बचाव कार्यों को तेजी से संचालित करने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि राहत एवं बचाव कार्यों में मदद के लिए हेलीकॉप्टर भेजे जाने हेतु वायु सेना से अनुरोध किया गया है। प्रशासन ग्राम प्रधान सहित अन्य ग्रामीणों से संपर्क बनाए हुए है। ग्राम प्रधान सालरा द्वारा इस सम्बंध में सूचना दिए जाने के तत्काल बाद एसडीआरएफ, पुलिस, राजस्व टीम मौके के लिए रवाना किया गया है। मोरी से अग्निशमन टीम भी घटनास्थल के लिए रवाना की गई है। मेडिकल टीम, वन विभाग व पशु चिकित्सा टीम भी मौके के लिए रवाना की गई है।

# पेड़ों को सही समय पर ट्रांसप्लांट करायें : पंत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी वंदना सिंह द्वारा सड़क चौड़ीकरण की जद में आ रहे बड़े पेड़ों को दूसरी जगह ट्रांसप्लेट कराने का आदेश दिया गया है। यह एक बहुत ही अच्छा निर्णय है। आशुतोष पन्त पूर्व जिला आयुर्वेद अधिकारी/पर्यावरण कार्यकर्ता ने इसके लिए डीएम को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि विकसित देशों में विकास कार्यों के लिए जिन पेड़ों को हटाना पड़ता है उन्हें दूसरे स्थान पर लगा दिया जाता है। पर हमारे देश में विकास कार्यों के लिए बड़े पैमाने पर पेड़ काट दिए जाते हैं। उन्हें निर्जीव वस्तु की तरह महत्वहीन समझा जाता है। जिलाधिकारी पेड़ों के



बारे में सम्वेदनशील हैं यह बहुत अच्छी बात है। अन्य अधिकारियों को भी उनका अनुसरण करना चाहिए। उन्होंने कहा वह पिछले 36 सालों से अपने स्तर पर यथासंभव पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रयास करते रहे हैं। अपने अनुभवों के आधार पर कह सकता हूं कि ट्रांसप्लांट करने का कार्य मई जून में ना किया जाय इसके लिये बरसात तक इंतजार करना उचित रहेगा। अभी इतनी गर्मी पड़ रही है कि इस मुहिम के सफल होने की संभावना बहुत क्षीण हैं। इसके अलावा बड़े पेड़ों को दूसरे स्थान पर स्थानांतरित करने के लिए बहुत विशेषज्ञता चाहिए। इसमें खर्च भी काफी आता है। हमारे देश में भी कुछ गिने चुने विशेषज्ञ हैं उनकी सेवाएं ली जा सकती हैं। यदि ट्रांसप्लांट सफल रहता है तो यह जिले में पर्यावरण के क्षेत्र में अच्छी पहल होगी।

# युवक का शव परिजनों को सौंपा

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। गौला नदी में नहाने के दौरान डूबे युवक का शव पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। युवक की मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। कुसुमखेड़ा स्थित नारायण नगर निवासी संजय आर्या उर्फ संजू पेंट करने का काम करता था। रविवार को वह अपने दोस्त कुंदन सिंह के साथ गौला नदी में नहाने चला गया। शाम करीब साढ़े चार बजे रानीबाग स्थित चित्राशिला घाट पर नहाते समय वह थोड़ी गहराई में चला गया और डूब गया। उसी दौरान पुलिस वहां नदी में गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ मिशन मर्यादा के तहत कार्रवाई कर रही थी। तभी लोगों की चीखपुकार सुनकर कठगोदाम थाने के एसआई फिरोज आलम मय टीम के साथ पहुंचे। जिसके बाद पुलिस ने मौके पर ही रेस्क्यू कर युवक को नदी से बाहर निकाला और आनन-फानन में युवक उपचार के लिए बेस अस्पताल पहुंचाया जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने युवक के शव का पंचनामा भर शव को मोर्चरी भेज दिया गया।

# पत्थरबाजी करने वाले जुआरियों पर केस दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विगत रात्रि रम्पुरा पूलिस कर्मियों पर पथराव करने वाले रुआरियों पर पूलिस विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। गौतलब हो कि विगत रात्रि रम्पुरा में झगड़े की सूचना मिलने पर रम्पुरा चौकी के दो पुलिसकर्मी गणेश व पूरन मौके के लिए रवाना हुए थे। मार्ग में कुछ लोगों को जुआ खेलते देख उन्होंने उन्हें वहां से चले जाने के लिए कहा। जिसके बाद जुआरियों ने पुलिसकर्मियों पर पथराव कर दिया। जिससे गणेश घायल हो गया। गणेश की तहरीर पर पुलिस ने रम्पुरा निवासी राहुल कोली, पंकज, सोनू खतम, कशिश, दीपक, जैकी, तरूण के विरूद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस द्वारा कुछ युवकों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। ड्यूटी करते पुलिस कर्मियों पर हुए पथराव की घटना को पुलिस के अधिकारियों ने भी गंभीरता से लिया है।

**-सूचना-**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैने अपना नाम SARTAZ से बदलकर SARTAJ AHMAD रख लिया है। मुझे भविष्य में इसी नाम से जाना एवं पहचाना जाए ।

सरताज अहमद पुत्र मो.सईद वार्ड 10, सिरौली कलां किच्छा, (उधमसिंहनगर)

**सूचना सम्बंध विच्छेद**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र असीम विश्वास व पुत्रवधू श्रीमती अनीता विश्वास घर में किसी का कहना नहीं मानते। परिजनों से झगड़ा कर घर में अशांति फैलाते हैं। जिस कारण मैंने पुत्र असीम विश्वास व पुत्रवधू श्रीमती अनीता विश्वास से पारिवारिक सम्बंध विच्छेद करते हुए उन्हें अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में कोई भी व्यक्ति या संस्थान पुत्र असीम विश्वास व पुत्रवधू श्रीमती अनीता विश्वास के साथ किये गये किसी भी कार्य अथवा लेन देन के लिए स्वयं जिम्मेवार होंगे। मेरे या मेरे परिवार के किसी भी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**खोकन विश्वास पुत्र देवेन्द्र विश्वास निवासी ग्राम बरूआबाग, तहसील सितारगंज ( ऊधमसिंह नगर )**

# सोशल मीडिया पर तमंचा लहराने वाला दबोचा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। सोशल मीडिया में अवैध तमंचे का प्रदर्शन करने वाले आरोपी को पुलिस ने अवैध तमंचे सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार एक युवक द्वारा सोशल मीडिया पर अवैध तमंचे को लहराते हुए प्रदर्शन कर पोस्ट किया गया। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस ने उसकी खोजबीन



शुरू कर दी। पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता दीपक अधिकारी पुत्र दिलीप सिंह अधिकारी निवासी प्रेमपुर लोश्यानी बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से 315 बोर का एक अवैध तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद किया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उनि दीपक सिंह बिष्ट, अउनि राजेंद्र मेहरा, का. अनिल टम्टा व नवीन राणा शामिल थे।

## पेज एक का शेष...

**सुविधाजनक ढंग से संचालित...**यात्रा की तैयारियों पर उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि चार धाम यात्रा यहीं से शुरू होती है। मैंने इस स्थान पर सभी तैयारियों और सुविधाओं की जांच की। सभी की सुरक्षा महत्वपूर्ण है। सोमवार को चारधाम यात्रा तैयारियों का जायजा लेने सीएम धामी ऋषिकेश ट्रांजिट कैंप पहुंचे। उन्होंने कहा कि यात्रा सुविधाजनक ढंग से संचालित की जा रही है। मैं यह सुनिश्चित करने के लिए यहां आया हूं कि यात्राआरामदायक और सुविधाजनक ढंग से संचालित होती रहे।

**केदारघाटी में मानकों ..**से साफ इंकार कर दिया। वस्तुस्थिति यह है कि हेली कंपनी प्रबंधन की जानकारी एवं डाटा सिर्फ हेलिकॉप्टर की शटल संख्या तक सीमित है। इसके अलावा हेली कंपनी प्रबंधन के पास एनजीटी, यूकाडा और डीजीसीए की गाइडलाइन भी नहीं है। साथ ही हेली कंपनियों द्वारा हेलिपैड पर जो स्टॉफ तैनात किया गया है, उसमें से अधिकांश को हेलिकॉप्टर का बेसिक ज्ञान तक नहीं। मजे की बात तो यह है कि केदारनाथ यात्रा में उड़ान भरने वाले हेलीकॉप्टरों की नदी तल से ऊंचाई की माप के लिए केदारनाथ वन्य जीव प्रभाव द्वारा भीम बाली में स्थापित की गई एयर गन भी ठीक तरीके से कार्य नहीं कर रही है। जिसके कारण हेलीकॉप्टर की सही ऊंचाई और ध्वनि का पता लगाना मुश्किल है, लिहाजा हेली कंपनियों की मनमानी पर कोई प्रशासनिक अंकुश लगने के आसार फिलहाल तो नजर नहीं आते।

**चोरी की आठ बाईकों...**घटना के दिन से घटनास्थल के आसपास के कैमरे खंगाले गये तथा मुखबिरों को सक्रिय किया गया। इसी क्रम में आवास विकास उनि ललित चौधरी तथा उनकी टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मोदी मैदान थाना के पास से मोटरसाईकिल चोरी गैंग के तीन शातिर चोरो को धर दबोचा गया। पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम पता आकाश सिंह पुत्र गिरीश चंद्र निवासी ग्राम फिरमा थाना शाहबाद जिला शाहजहांपुर उत्तर प्रदेश, हाल पता गोल मड़ैया थाना ट्रांजिट कैंप, विकास चौहान पुत्र शिव कुमार चौहान निवासी तालीमगंज थाना दाता गंज जिला बादा- उत्तरप्रदेश हाल निवासी गोल मडैया थाना ट्रांजिट कैंप तथा क्षितिज कुमार पुत्र मनोज कुमार निवासी ग्राम मूसेपुर जयसिंह थाना बरखेड़ा जिला पीलीभीत उत्तर प्रदेश, हाल पता खुशी मेडिकल स्टोर के निकट, जनपथ रोड, ट्रांजिट कैंप बताया। उन्होंने बताया कि अभियुक्तगणो के कब्जे से चोरी की दो मोटरसाईकिल बरामद की गई तथा उन्होंने कुछ अन्य मोटरसाईकिल भी चोरी करना बताया। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने सिडकुल ऋद्धि सिद्धि कंपनी के बगल में खाली पड़े एक बड़े मैदान में उंची घास झाड़ियों में छिपाई हुई कुल 6 चोरी की मोटरसाईकिल बरामद की। वाहन चोरों द्वारा बताया गया कि वे उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के रुद्रपुर, पंतनगर,किच्छा, गदरपुर तथा आसपास के क्षेत्रों में भीड़भाड़ वाले स्थानों में पहले रैकी करने के बाद मोटरसाईकिल चोरी कर लेते थे और उसकी पहचान छिपाने के लिये उसका नंबर प्लेट हटा देते हैं तथा गाड़ियां चोरी कर झाड़ियों में छिपा देते थे तथा माहौल अनुकूल होने पर अपनी मजबूरी बताकर उन्हें जरुरतमंदो को औने पौने दामों में बेच देते थे। पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस टीम में प्रभारी थाना ट्रांजिट कैंप भारत सिंह,उनि अरविंद बहुगुणा प्रभारी चौकी आवास विकास, उनि ललित चौधरी (विवेचक), अपर उप निरमेश चंदोला, कानि पंकज सजवान, राकेश खेतवाल, दिनेश चंद्र व अनिल भारती शामिल थे। वार्ता के दौरान सीओ निहारिका तोमर भी मौजूद थीं।

**किसान से अभद्रता...**मैसेज कर धमकाया कि मंडे को घर मिलना नहीं तो तेरे घर के दरवाजे और सामान लेकर चला जाऊंगा। आरोप है कि उसके सिख होने पर भी टिप्पणी की गई। उन्होंने चेतावनी दी कि इस तरह का व्यवहार करने वाले कर्मचारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं की तो किसान धरना प्रदर्शन को मजबूर होंगे। तहसीलदार पूजा शर्मा ने बताया कि भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी से जुड़े किसान आए थे। उन्होंने डीएम को ज्ञापन प्रेषित किया है। जिसमें आरोप लगाया गया है। डीएम को ज्ञापन प्रेषित कर दिया जाएगा। उच्च अधिकारियों से प्राप्त निर्देशों के अनुसार मामले में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

**उजाड़े गए व्यापारियों ने ...**परिवार के सम्मुख आज भी रोजी-रोटी जी समस्या बनी हुई है । कई व्यापारियों के तो परिवारों में बच्चों को शिक्षा से भी वंचित होना पड़ रहा है । ज्ञापन में सभी व्यापारियों ने मांग की है कि व्यापारियों के परिवार के हित को देखते हुए तथा रोजी-रोटी एवं शिक्षा के मध्य नगर में वेडिंग जोन बनाकर व्यापारियों को बसाए जाने हेतु व्यवस्था की जाए । इस अवसर पर मुख्य रूप से ताराचंद जोशी, रईस अहमद, राजू कोहली ,दिनेश, सलीम, पूरन भट, रवि शर्मा ,शाहिद ,पप्पू शाहिद पप्पू गुड्डू सलीम आदि लोग शामिल थे।

**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

**सम्पादक-परमपाल सुखीजा**

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


गुरू मां
A.C. चाहिए
Guru Maa Electronics आइये
घर ले जायें AC
मात्र 1 रुपये में
आज ही डिलीवरी आज ही इंस्टालेशन
BAJAJ FINSERV
CASH BACK WEEKEND UPTO 7500*
आधार लाये उधार ले जाइये
SBI
CASH BACK UPTO 5%*
VOLTAS
DAIKIN
MITSUBISHI ELECTRIC
AMSTRAD
HITACHI
Carrier
SAMSUNG
BLUE STAR
IFB
Whirlpool
LLOYD
रुद्रपुर-काशीपुर बाईपास रोड I Mob: 9927882338